

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



जल्द ही हिंदी मूवीज में वापसी करने ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 12 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 263 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## जहां–जहां केजरीवाल, वहां–वहां भ्रष्टाचार, भाजपा बोली: क्या खुद को कानून से ऊपर समझते हैं दिल्ली के सीएम ?

नई दिल्ली। दिल्ली में कथित डीटीसी बस घोटाले को लेकर अब भाजपा अरविंद केजरीवाल की सरकार पर हमलावर हो गई है। भाजपा की ओर से आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा हमला किया गया। भाजपा ने साफ तौर पर कहा है कि अरविंद केजरीवाल और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि आप कट्टर ईमानदार होने का दावा कैसे कर सकते हैं? लोग समझ गए कि आप कट्टर भ्रष्ट हैं। डीटीसी बसों की खरीद में अनियमितताओं पर भाजपा नेता ने दावा किया कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दोस्त टेंडर तैयार करते हैं। भाजपा ने दावा किया कि जहां–जहां केजरीवाल है, वहां वहां भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने सवाल करते हुए केजरीवाल से पूछा कि खुद को कानून से ऊपर आप कैसे समझ सकते हैं? भाजपा का दावा है कि केजरीवाल लगातार सत्येंद्र जैन को कट्टर इमानदार बताते रहे हैं। लेकिन सत्येंद्र जैन पिछले 3 महीने से गिरफ्तार हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जो भी करते हैं एक कंसल्टेंट जरूर बना देते हैं और



इस कंसल्टेंट के जरिए कैसे वसूली का रूपया, ये काला धन , गुलाबी गड्डियां अरविंद केजरीवाल तक पहुंच जाएं और भ्रष्टाचार पूरा हो जाए। यही इनका काम है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी का मुख्य मुद्दा है भटका दो और सही काम को लटका दो। लेकिन आप अगर लटकाना जानते हैं तो जनता भी झटका देना जानती है। गौरव भाटिया ने साफ तौर पर कहा कि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं। वही, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भी पूरे मामले को लेकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। आदेश गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी की सरकार स्वराज से शराब और फिर शराब से भ्रष्टाचार के सफर में इतनी डूब गई है कि वो जो भी काम करते हैं, जो भी खरीद फरोख्त होती है बिना भ्रष्टाचार के होती ही नहीं है। वहीं, भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में एक हजार बसों का टेंडर होता है और वो टेंडर में बहुत सारी अनियमितताएं होती है। बसों की खरीद में अपनी चहेती कंपनी को फेवर करने के लिए टेंडर के नियमों का उल्लंघन किया जाता है। सीवीसी की गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाकर टेंडर दिया जाता है। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा कि कहते है बस ऑर्डर ही नहीं की तो घोटाला किस बात का। अरविंद केजरीवाल आपने तो वर्क ऑर्डर भी कर दिया था यह तो भाजपा ने चोरी पकड़ ली तो अब कह रहे है हम तो ईमानदार है। पैसे का लेन देन हो चुका था।यह तो कम्प्लेंट की वजह से ऑर्डर रोकना पड़ा। गजब लॉजिक देते हो।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब क्ळच का बड़ा खुलासा, निशाने पर थे सलमान खान, लॉरेंस गैंग ने की थी रेकी

चंडीगढ़। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को लेकर लगातार नए–नए खुलासे हो रहे हैं। एक बार फिर से पंजाब के डीजीपी ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद बड़ा खुलासा किया है। इसमें अब आतंकी एंगल भी सामने आ चुका है। पंजाब पुलिस के डीजीपी के मुताबिक मर्डर में शामिल गैंगस्टर के आतंकियों से कनेक्शन थे। पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गैंगस्टर के लिंक सामने आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा दावा करते हुए साफ तौर पर कहा कि इनके निशाने पर सलमान खान थे। लॉरेंस गैंग ने रेकी भी की थी। आपको बता दें





कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के फरार शूटर दीपक मुंडी को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। सिद्धू मूस वाला हत्याकांड पर पंजाब पुलिस के डीजीपी ने कहा कि अब तक कुल 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुठभेड़ में 2 आरोपित निष्प्रभावी हुए और अब तक 35 आरोपित नामजद हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों की मदद से इंटरपोल के जरिए गोल्डी बराड़ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक कपिल पंडित ने पूछताछ के दौरान कहा कि उसने सचिन बिश्नोई और संतोष यादव के साथ मिलकर लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर सलमान खान को निशाना बनाने के लिए मुंबई में रेकी की थी. हम उनसे भी पूछताछ करेंगे। डीजीपी ने इस बात को स्वीकार किया कि पंजाब की शांति को भंग करने के लिए अब नए मॉडल का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस में आईएसआई का हाथ हो सकता है। इसकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही डीजीपी ने यह भी दावा किया है कि जो पंजाब के गैंगस्टर हैं, उन्होंने अपना नेटवर्क धीरे–धीरे पूरे देश के अंदर बढ़ा लिया है। इससे पहले डीजीपी ने ट्वीट कर कहा कि पंजाब पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के फरार शूटर दीपक मुंडी को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर गायक शुभदीप सिंह सिद्धू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंजाब सरकार द्वारा स्थायी तौर पर उनकी सुरक्षा वापस लिए जाने के एक दिन बाद यह घटना हुई थी।

## भाजपा शासन में देश में संकट, शरद पवार बोले: दिल्ली के आगे नहीं झुकेंगे

मुंबई। शरद पवार को एक बार फिर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया है। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने जबरदस्त तरीके से भाजपा पर हमला किया और साथ ही साथ विपक्षी एकजुटता का भी आह्वान किया। एनसीपी की विस्तारित कार्यसमिति को संबोधित करते हुए शरद पवार ने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसान विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बेरोजगारी के मुद्दे से निपटने में विफल रही। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एनसीपी की राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए शरद पवार ने साफ तौर पर कहा कि भाजपा राज में देश में संकट है। उन्होंने



कहा कि किसी भी कीमत पर वह दिल्ली के आगे नहीं झुकेंगे। अपने संबोधन में शरद पवार ने मराठा क्षत्रप शिवाजी का भी नाम लिया। उन्होंने कहा कि शिवाजी ने कहा था कि दिल्ली की गद्दी के आगे नहीं झुकेंगे। शरद पवार ने कहा कि आज भी हम ऐसे ही माहौल में जमा हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी मराठा लोगों ने दिल्ली को चुनौती दी थी। हम फिर से चुनौती देने को तैयार हैं। अपने संबोधन में शरद पवार में बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषियों की रिहाई का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने इसके लिए भाजपा की आलोचना की। पवार ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री महिलाओं की गरिमा को बनाए रखने की बात करते हैं और 2 दिन बाद उनके गृह राज्य में भाजपा सरकार ने बिलकिस बानो और उनके परिवार पर अत्याचार करने वालों की सजा कम कर दी। शरद पवार ने कहा कि किसान अपनी धान की फसल की अच्छी कीमत पाने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सरकार ने चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया और टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके आगे शरद पवार ने कहा कि देश फिलहाल गहरी पीड़ा में है। हमें इन तमाम मुद्दों को हर मंच से उठाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लगातार किसानों के हित में काम करती रहेगी। हम किसानों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे। पवार ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक समुदाय के अंदर भय पर शक करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन हमें सद्भाव के साथ सबको साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने महंगाई का भी मुद्दा उठाया और कहा कि आज देश की हालत बहुत खराब है। आप सभी लोग इससे परेशान हैं। भारत और चीन तनाव का जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा कि पीएम ने चीन पर देश को गुमराह किया है।

## दिग्गज अभिनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णम राजू 83 वर्ष की उम्र का निधन

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और दिग्गज अभिनेता उप्पलपति



कृष्णम राजू का 11 सितम्बर की सुबह यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। राजू बाहुबली फिल्म से चर्चित अभिनेता प्रभास के चाचा थे। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि वह कोविड–19 के बाद होने वाली जटिलताओं से ग्रस्त थे। उन्हें पांच अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह दो बार के लोकसभा सदस्य रहे और उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। 'रिबेल स्टार' के नाम से मशहूर राजू ने 180 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और अपने विद्रोही किरदारों से चर्चा में रहे। उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत 1966 में तेलुगु फिल्म चिलाका गोरिंका से की थी। उन्हें अभिनय के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। राव ने एक बयान में कहा कि 50 साल के करियर के दौरान अनेक फिल्मों में शानदार अभिनय करने वाले और अपनी अनूठी अभिनय शैली से रिबेल स्टार के रूप में फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाले कृष्णम राजू का निधन तेलुगु सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है।

## अगले 10 दिनों में नई पार्टी के नाम का ऐलान करेंगे गुलाम नबी आजाद, बारामुला में संबोधन के दौरान दिया बड़ा बयान

जम्मू। कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके देश के वरिष्ठ नेताओं में से एक गुलाम नबी आजाद अपनी नई पार्टी का ऐलान करेंगे। नई पार्टी को लेकर आज गुलाम नबी आजाद ने साफ तौर पर कह दिया है कि अगले 10 दिनों में इसकी घोषणा हो जाएगी।





गुलाम नबी आजाद आज बारामुला में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी नई पार्टी की घोषणा की है। दरअसल, कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद गुलाम नबी आजाद ने जम्मू में बड़ी रैली को संबोधित किया था। उसके बाद वह लगातार जम्मू कश्मीर के अलग–अलग क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। गुलाम नबी आजाद अपने समर्थकों से मिल रहे हैं। उनसे चर्चा कर रहे हैं और आगे की रणनीति तैयार की जा रही है। गुलाम नबी आजाद के समर्थन में जम्मू कश्मीर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। यह सभी गुलाम नबी आजाद के साथ खड़े हैं। कांग्रेस से अलग होने के बाद गुलाम नबी आजाद ने साफ तौर पर कह दिया था कि वह किसी पार्टी में शामिल नहीं होने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह बीजेपी से किसी भी कीमत में गठबंधन नहीं करेंगे। 10 दिनों में नई पार्टी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद लगातार गांधी परिवार के खिलाफ हमलावर हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मैं उन लोगों की तरह नहीं हूं जिनका रिमोट कंट्रोल कहीं और है। मेरा रिमोट कंट्रोल मेरे पास है। मैं आजाद हूं। वह गुलाम हैं। मैं नबी का गुलाम हूं। वह किसी और के गुलाम हैं। मैं यह नहीं बताना चाहता कि कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेता किसके नियंत्रण में हैं। गुलाम नबी आजाद ने बिना नाम लिए कांग्रेस के उन नेताओं पर हमले किए हैं जो उनके पार्टी छोड़ने के बाद उन पर हमलावर हैं। गुलाम नबी आजाद लगातार कश्मीर घाटी में यह बात कहते नजर आ रहे हैं कि वह जम्मू–कश्मीर के लोगों के वास्ते संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस से पांच दशक का नाता समाप्त करने के बाद जम्मू कश्मीर में लगातार गुलाम नबी आजाद अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश कर रहे है।

## छठ से पहले यमुना की सफाई के लिए दिया जाए निर्देश, भाजपा सांसद ने दिल्ली के एलजी से किया अनुरोध



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को पात्र लिखकर अनुरोध किया है कि दीपावली के बाद छठ पर्व से पहले यमुना नदी की समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी हमला बोला और कहा कि केजरीवाल नदी की सफाई नहीं करवाने की अपनी असफलता को छिपाने के लिए पूर्वांचल के लोगों के इस पर्व को "निशाना" बना सकते हैं। तिवारी के इस आरोप पर आम आदमी पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग छठ पर्व मनाते हैं और इस दौरान नदी और जलाशयों में घुटनों तक पानी में जाकर सूर्य की पूजा की जाती है। सक्सेना को लिखे पत्र में तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाया कि दिल्ली में रहने वाले 50 लाख पूर्वांचलियों का अपमान करने के लिए पिछले साल दिल्ली में छठ पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया था।







## ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली। इस बार का मानसून कुछ राज्यों में भयानक रूप से देखने को मिला तो कुछ राज्यों में इसका असर कम रहा। हालांकि, मानसून एक बार फिर से वापसी कर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक उत्तराखंड, ओडिशा, बिहार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आने वाले 3–4 दिनों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हालांकि, कुछ जगह भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है। उत्तराखंड में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी कर दिया



गया है। मौसम विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि उत्तराखंड के 5 जिलों में तेज बारिश की संभावना है जिसमें देहरादून भी शामिल है। वहीं, उत्तरकाशी के गंगोत्री और यमुनोत्री में बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में भी भारी बारिश के आसार जताए गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तट से दूर बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिम हिस्से में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसकी वजह से यहां बारिश के आसार साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग में अगले 3 दिन की आने की 14 सितंबर तक उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही तटीय क्षेत्रों में 45 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार में हवा चलने की भी भविष्यवाणी की गई है। यही कारण है कि मछुआरों को भी गहरे समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। मौसम विभाग का साफ तौर पर मानना है कि ओडिशा के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है।

# पार्क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे का समतलीकरण कराने की मांग

## एसडीएम सदर को भाजपा नेताओं ने सौंपा मांगपत्र

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे के भीटी पुल के पास बंधे पर नगर पंचायत द्वारा बनवाये जा रहे दीनदयाल पार्क पर सिंचाई विभाग द्वारा रोक लगाने के बाद खोदे गए गड्ढे को समतलीकरण, रंग रोगन,प्रकाश व्यवस्था,पेयजल व चौक पर हुए अतिक्रमण को लेकर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष डा. विजयलक्ष्मी जायसवाल की मांगपत्र को भाजपा नेता शेखर जासयवल व रामजी द्विवेदी ने थाना दिवस पर एसडीएम रामकुमार शुक्ला को सौंपा है। दिए गए मांग पत्र में जिला उपाध्यक्ष ने मांग किया है कि आगामी 25 सितम्बर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है और उनकी जयंती कस्बे के लोग उसी दीनदयाल चौक पर मनाते है। 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि भी आरम्भ हो रही है।

कस्बे में रामलीला, दुर्गापूजा,दुर्गा विसर्जन के साथ अन्य कार्यक्रम होता है। जिसमे सुल्तानपुर, तारुन, भीटी, सहित तमाम जगहों के लोग आते है। कस्बे में कंही भी ना तो वाहन खड़े करने की व्यवस्था नही है। उक्त स्थान पर लोग अपने वाहनों को खड़ा करते है और महिलाओं व बच्चों के साथ बैठते भी है। मांग किया कि 20 सितम्बर तक उक्त स्थान पर खुदे गड्ढे को समतलीकरण कराकर साफ सफाई,रंग रोगन,प्रकाश व्यवस्था,पेयजल सहित सीमेंटेड कुर्सियों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाय,जिससे आने वाले पर्वो की तैयारियां सुनियोजित ढंग से हो सके। बताते चले कि नगर पंचायत प्रशासन 28लाख रुपये की लागत से उक्त स्थान पर पार्क का निर्माण करवाना चाहता था जिसके लिए उसने बीते दो माह पूर्व गड्ढे खुदवाकर पिलर खड़ा करवाना शुरू कर दिया था। लेकिन ऐन वक्त पर सिंचाई विभाग ने बिना अनुमति के हो रहे निर्णाण कार्य का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था।नगर पंचायत के ईओ आलोककुमार मिश्र का कहना था कि नगर पंचायत प्रशासन ने पूर्व में इसके लिए सिंचाई विभाग से अनुमति ली थी,परन्तु सिंचाई विभाग के एडीओ एसके प्रसाद का कहना था कि नगर पंचायत ने कोई अनुमति नही ली है।रोक के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने उक्त स्थान पर खोदे गए गड्ढे को समतलीकरण कराना मुनासिंब नही समझा और वैसे ही छोड़ दिया।जिसको लेकर लोगो मे काफी रोष है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत, खेत के पास मिला शव

## मृतक रामलौट चाट की दुकान लगाकर परिवार का करता था पालन पोषण

मिल्कीपुर–अयोध्या लबिली अंतर्गत गोकुला गांव निवासी अधेड़ रामलौट मौर्या की भोर खेत के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के गोकुला गांव निवासी रामलौट मौर्य पुत्र राम अभिलाख मौर्य उम्र लगभग 52 वर्ष आज भोर में शौच के लिए अपने खेत की ओर गया हुआ था वहां पर उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब गांव की महिलाएं शौच के लिए जा रही थी अचानक उनकी निगाह मृत अधेड़ पर पड़ी तो वह गांव आकर लोगों को जानकारी दी कि राम अभिलाष के खेत के पास कोई मृत पड़ा हुआ है। ऐसी जानकारी मिलते ही गांव के बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मौके पर पहुंच गए। थोड़ी ही देर में मृतक अधेड़ रामलौट के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस चौकी प्रभारी चिलबिली व थाना कुमारगंज पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष कुमारगंज विवेक सिंह, चौकी प्रभारी शशांक शुक्ला, हेड कांस्टेबल उदय राज यादव ,कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद मृतक अधेड़ रामलौट के शव का पंचायत नामा भराते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि अधेड़ की मौत कैसे हुई है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक रामलौट चाट की दुकान लगाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक के तीन बेटियां व एक बेटा है बड़ी बेटी सुमन व सरोज की शादी कर दिया है। तीसरे नंबर की बेटी नेहा की शादी करने के लिए लड़के को खोज रहे थे ,लेकिन अभी तक शादी कहीं पर तय नहीं हुई थी। 14 वर्षीय बेटा मनीष कक्षा आठ में पढ़ाई कर रहा है। घटना होने के बाद से परिवार में मातम सा छाया है मृतक की पत्नी व बच्चों का रो –रो कर बुरा हाल है।

# कृषि विवि व मेधा लर्निंग के बीच समझौता

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं मेधा के बीच एक समझौता हुआ। इसके तहत मेधा के द्वारा विश्वविद्यालय छात्रों को करियर, उद्यमिता ज्ञान व प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। इस समझौते पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह एवं मेधा के संस्थापक ब्योमकेश मिश्र ने संयुक्त हस्ताक्षर किए। इस दौरान कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने उद्यमिता एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस समझौते से छात्रों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस बातचीत के दौरान यूथस्केप जैसे मंच को और अग्रशील बनाने के लिए सहमति बनी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह, डा. सत्यव्रत सिंह, डा.एस.पी सिंह और मेधा से रवि मिश्रा, आलोक, सोनाली अवस्थी, दिव्यांशु, रजत, दीपराज, एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# ईंट निर्माता समिति की बैठक में समस्याओं पर मंथन

## सरकार की नीतियों के विरोध में12 से 17 सितम्बर तक ईंटों की बिक्री रखेंगे बन्द

अयोध्या। जिला ईट निर्माता समिति की बैठक सिविल लाइन्स स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनीराम वर्मा ने किया । बैठक में ईंट भट्ठा मालिकों की समस्याओं पर मंथन किया गया। संगठन की ओर से सरकार को चेतावनी दी गई कि समस्याओं का निदान न किया गया तो आगामी वर्ष में ईंट भट्ठों पर ईंट निर्माण नही किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने कहा कि लाल ईंटों की बिक्री पर जीएसटी कर की दर में बेतहाशा वृद्धि , कोयले के मूल्यों में रोजाना हो रही बढ़ोतरी,ईट मिट्टी की निकासी में प्रशासन की ओर से किया जा रहा उत्पीडन एवं जिग–जैग विधि में ईट भट्ठों को परिवर्तन के लिए पर्याप्त समय न दिए जाने के कारण वर्ष 2022–23 में देशभर के समस्त ईट भट्ठों में ईट उत्पादन का कार्य ठप रहेगा । देशभर के समस्त ईट भट्ठा व्यवसाई आगामी वर्ष में एवं जब तक हमारी मांगों को मान लिया नहीं जाता तब तक हड़ताल पर रहेंगे इस क्रम में देश के समस्त ईट भट्ठा व्यवसाई 12 सितम्बर से 17 सितम्बर तक ईंटों की बिक्री बन्द करके सरकार की ओर स`ईट भट्ठों पर किए जा रहे सौतेले व्यवहार का विरोध प्रकट करेंगे । सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो आगामी वर्ष में ईटों का उत्पादन कार्य पूरी तरह से ठप कर देगें ।जिला महामंत्री सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी मांगें व्यवहारिक रूप से उचित हैं सरकार को अति शीघ्र मांगों को मानकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। प्रदेश सहमंत्री संजय सावलानी ने कहा कि सरकार जिस तरह से दिन प्रतिदिन हमारे व्यवसाए पर नए नए अव्यवहारिक कानून एवं नियम थोप रही है उससे लगता है कि हजारों वर्षों से चला आ रहा यह उद्योगअब इतिहास के पन्नो पर दर्ज होने वाला है । इस कुटीर ग्रामीण उद्योग के बन्द होने से एवं इससे जुड़े देशभर के लगभग ढाई करोड़ श्रमिक पूरी तरह से बेरोजगार हो जाएंगे। बैठक में मौजूद सभी ईट भट्ठा व्यवसाईयों ने हड़ताल का समर्थन कर सरकार के प्रति नाराजगी जताई । बैठक में कोषाध्यक्ष नारायण दास, प्रेम नारायन शुक्ला,प्रेम प्रकाश शर्मा,मुन्ना सिंह,जगदीश सिंह,कारु सिंह,पंकज राय ,सुनील तिवारी,आफताब,सुरेश कुमार ,कुलदीप सिंह, योगेश केवलानी, चन्द्रभान मौर्या, संजय श्रीवास्तव, संजय सिंह,मनोज गुप्ता, बसंत लाल वर्मा,रूमी ,आदिल ,राजू साधवानी, विरेंद्र वर्मा,सुरेश निषाद,आवेश खान,बबलू सिंह, प्रकाश केवलानी,गुरु प्रसाद मौर्या, रतन प्रकाश शर्मा,शोयब भाई,जेकेश,कुलदीप वर्मा,वेद प्रकाश वर्मा,दिनेश खत्री,दिलीप बजाज,अमित नानवानी, दीपक,विशाल,राजेश मौर्या पंजू खत्री,संजय आहूजा ,दिनेश तोलानी, अनिल कोटवानी,शकील खान,राम सजीवन ,सुनील मंघ्यान सहित तमाम ईट भट्ठा स्वामी मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर समाधान दिवस में पेश हुए 39 मामले

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों कुमारगंज, खंडासा और इनायतनगर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 39 फरियादियों ने अपनी शिकायत पेश की। जिनमें से 7 मामलों का निस्तारण तत्काल मौके पर ही थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। कुमारगंज थाने पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 9 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से एक मामले का तत्काल मौके पर ही निस्तारण हो गया। खंडासा थाने पर एसडीएम न्यायायिक अंशुमान सिंह की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 9 लोगों ने अपनी शिकायते पेश हुई। जिनमें से 2 मामले का तत्काल मौके पर ही निस्तारण हो गया। इसके अलावा इनायतनगर थाना मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम मिल्कीपुर अमित कुमार जायसवाल, सीओ मिल्कीपुर सत्येंद्र भूषण तिवारी प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह की मौजूदगी में थाना क्षेत्र से 21 फरियादियों ने अपनी शिकायत पेश की। जिनमें से 4 मामलों का मौके पर की निस्तारण करा दिया गया। थाना समाधान दिवस में प्रमुख रूप से तीनों थानों कुमारगंज के थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह एवं इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह सहित समस्त राजस्व कर्मी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कार की छत पर बैठकर युवक ने किया खतरनाक स्टंट

फिरोजाबाद ।एक बार फिर स्टंटबाजी का वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.इस वीडियो में एक युवक हाइवे पर दौड़ती कार की छत पर बैठकर कुछ खा रहा है साथ ही लाइव वीडियो भी बना रहा है दरअसल में यह वायरल वीडियो फिरोजाबाद के उत्तर कोतवाली इलाके में सुभाष तिराहे के पास शूट किया गया है जो कल यानी कि बताया जा रहा है.गाड़ी पर काफी मात्रा में रंग डला होने की वजह से यह माना जा रहा है कि गाड़ी में बैठा परिवार या तो भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित करने जा रहा है या फिर लौट रहा है.गाड़ी में गाना भी बज रहा है.युवक को इस बात का बिल्कुल भी डर नही है कि अगर तेज रफ्तार गाड़ी में ड्राइवर को अचानक ब्रेक लगाने पड़े तो वह गिर भी सकता है और उसका जीवन संकट में फंस सकता है.यह वीडियो शहर में बीचों बीच से गुजरने वाले मुख्य हाइवे का है जिस पर बड़ी तदायत में सिविल और ट्रेफिक पुलिस तैनात रहती है. कई जगहों पर तो ट्रैफिक रूल्स के पालन के लिए कैमरे भी लगे है.बाबजूद इसके इस स्टंटबाज युवक को किसी भी पुलिसकर्मी का डर नही लगा और ना ही किसी ने इसे रोकने की जहमत उठायी.

# कल अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनेंगें पर्यटन मंत्री

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह फिरोजाबाद जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल रविवार को जनपद, फिरोजाबाद में सिरसागंज स्थित अपने आवास पर प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसमें जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद द्वारा नामित नोडल अधिकारी सुनवाई के दौरान उपस्थित रहेंगे। इसके उपरान्त वह सायं 5 बजे अपने निज निवास सिरसागंज से प्रस्थान कर 5.10 बजे ग्राम शेखुपूर में स्व0 वसंतराम बघेल जी की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल भण्डारा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसके उपरांत वह वापस 5.50 बजे निज निवास सिरसागंज पर आगमन होगा और रात्रि विश्राम करेंगे तथा 12 सितम्बर को प्रातः 9 बजे अपने निज निवास सिरसागंज से वाया कटफोरी कट आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे द्वारा लखनऊ को प्रस्थान करेंगे

# शिकोहाबाद में ईको सवार बदमाशों ने महिला को लूटा

फिरोजाबाद ।शिकोहाबाद में .रात इको सवार बदमाशों ने एक महिला से तमंचे के बल पर लूट कर ली। बदमाश लूट की घटना को अंजाम देकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की थाने में तहरीर दी है। निशा पत्नी अमरवीर निवासी निकाऊ थाना खैरगढ़ किसी काम से अकेली ही कानपुर गई थी। वह रात ऊंचाहार से कानपुर से लौटकर शिकोहाबाद आई थी। स्टेशन पर उसने अपने भांजे अंकित सिसोदिया पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी वंशीपुरम को फोन कर स्टेशन पर बुला लिया। युवक अपनी मामी को लेकर स्टेशन से पैदल ही वंशीनगर आ रहा था। स्टेशन से ही महिला के पीछे इको सवार बदमाश लग गए। नहर पुल के पास आते ही बदमाशों ने महिला व उसके भांजे के आगे इको लगाकर तमंचे के बल पर मंगलसूत्र, कानो के कुंडल, जंजीर लूट ली। इस दौरान बदमाशों ने महिला को धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो भांजे को नहर में फेक देंगे। जिसके बाद वह शांत हो गए। बदमाश लूट की घटना को अंजाम देकर फरार गए। लूट की घटना के बाद लोगों ने शोर मचा दिया। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जायजा लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चौधरी रामसिंह पटेल का रालोद में बढ़ा कद

## –बनाए गए अवध प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीयघ् लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने चौधरी रामसिंह पटेल को अवध प्रांत का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है ज्ञात हो कि चौधरी रामसिंह पटेल विकास खंड मसौधा तहसील सोहावल क्षेत्र लीलापुर( हूंसेपर ) के निवासी है। पटेल को सिंचाई मंत्री रहते हुए मुन्ना सिंह चौहान ने सर्वप्रथम युवा रालोद जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिया था बाद मे मण्डल अध्यक्ष , प्रदेश महासचिव (युवा) की भी जिम्मेदारी दी गई जब मुन्ना सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए तो उन्होंने पटेल को फैजाबाद का जिलाध्यक्ष बनाया 31 जुलाई 2016 बीमारी के कारण मुन्ना सिंह चौहान का निधन हो गया उसके बाद चौहान का परिवार रालोद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुआ पटेल भाजपा में न जाकर विषम परिस्थितियों में भी रालोद पार्टी में लगे रहे पार्टी से जो भी कार्यक्रम आता उसको मजबूती करते हुए स्थानीय समस्याओं को लेकर भी धरना प्रदर्शन करते पार्टी को मजबूत करते रहे इसी संघर्ष का परिणाम मिला अवध प्रांत का क्षेत्रीय अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी मिली। नवनियुक्त अवध प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने हम पर विश्वास कर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह एवं स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह जी की विचारधारा को गांव गांव ले जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा । पार्टी में जो मेहनती कार्यकर्ता है उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाने का अवसर दिया जाएगा नए लोगों को भी पार्टी की विचार धारा से जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करने का पूरा प्रयास किया जाएगा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व प्रदेश महासचिव विश्ववेश नाथ मिश्र, (सुडडू मिश्र), जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव, ,सदस्यता अभियान जिला प्रभारी राजेश तिवारी, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष राम शंकर वर्मा,नेतराम वर्मा , अरविंद सिंह महंत, हरिश्चंद्र यादव, बेचू लाल कोरी,अवधेश रावत, देवी शरण वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, अमित पांडेय, शान्ति देवी, राम मिलन वर्मा, राम जियावन वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, शम्भू नाथ वर्मा, विश्वनाथ पटेल, अजित वर्मा, अनिल वर्मा, जगजीवन पटेल, श्याम सिंह पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी

# चिकित्सीय शिक्षा के लिए चयनित हुए आनंद वर्मा को किया सम्मानित

सोहावल–अयोध्या। नीट के घोषित हुए रिजल्ट में अयोध्या जिले के कई होन हार छात्र – छात्राओं ने सफलता हासिल कर अयोध्या जिले का मान बढ़ाने का काम किया है। इसी कड़ी में सोहावल ब्लाक के ग्रामसभा मंगलसी में मौजूद कुर्मी का पुरवा गांव निवासी आनंद वर्मा ने चिकित्सीय शिक्षा के लिए चयनित होकर सोहावल क्षेत्र के साथ पूरे अयोध्या जिले का नाम रोशन किया हैं। डॉ आनंद की मां ने बताया की आनंद के पिता स्व. रमेश वर्मा के स्वर्गवास होने के बाद भी इस पहाड़ जैसे दुःख को सहते हुए भी हमने आनंद की पढ़ाई में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया। डॉ आनंद ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने परिवार व गुरुजनों को दिया द्य दि आयुष्मान फाउंडेशन परिवार की तरफ से पिंटू मौर्या जी ने लड्डू खिला कर बधाई दी द्य अध्यापक मुकेश वर्मा जी ने डॉ आनंद वर्मा को उनकी माता जी के साथ प्रशस्ति पत्र दें कर भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं रिंकू चौहान जी ने माला पहना कर स्वागत किया। दि आयुष्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष संस्थापक समाज सेवी पटेल पवन वर्मा ने बताया कि जिले में और भी छात्र छात्राएं जो चयनित हुए हैं उनको भी सम्मानित करने का काम दि आयुष्मान फाउंडेशन परिवार करेगा द्य इस मौके पर सुरेन्द्र कोरी, जलज मोर्या, सतीश कौशल, अरविंद रावत, दीपक वर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शोध परियोजनाओं से गुणवत्तायुक्त फसल की होगी पैदावार

## -अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केंद्र द्वारा पोषित परियोजनाओं के शोध कार्यो का किया अवलोकन

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केंद्र द्वारा पोषित परियोजनाओं के शोध कार्यों का अवलोकन किया गया। विश्वविद्यालय पहुंचे अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केंद्र वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं फसल कार्यकी विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अनुसंधान फॉर्म पर अवलोकन किया गया। अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि कहीं कम व अधिक वर्षा से जलभराव के कारण किसान परेशान रहते हैं, इस समस्या को विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त प्रजातियों के खाद्यान व तकनीक हेतु प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कई शोध परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है जो उच्च गुणवत्तायुक्त फसलों के उत्पादन में मदद करेगा। डा. आशीष ने विभाग में चल रही परियोजना सेंटर फॉर एक्सीलेंस के शोध कार्यों का भी अवलोकन किया और कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कुलपति डा बिजेंद्र सिंह व मुख्य अन्वेषक के मार्गदर्शन में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस सेंटर से पूर्वांचल के किसानों को धान की उच्च कोटि की प्रजातियां मिलेंगी। इस दौरान फसल कार्यकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ आलोक सिंह द्वारा परियोजनाओं के प्रगति एवं उनके विभिन्न कार्यों के साथ साथ परियोजना द्वारा किसानों के बीच किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। इस इस मौके पर फसल कार्यकी विभाग के वैज्ञानिक डॉक्टर रामकल्प यादव, डॉ आनंद कुमार पांडेय, डॉ. सुमंत कुमार सिंह व अंकित सिंह सहित आदि लोग मौजूद थे।

# बुखार का प्रकोप जारी,सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ी

कानपुर देहात । जिले में बुखार का प्रकोप कहर बरपा रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। समुचित उपचार न मिलने से लगातार हो रही मौतों के बाद भी महज खाना पूरी हो रही है। डेंगू की जांच का इंतजाम न होने तथा स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को भर्ती कर उपचारित न किए जाने से जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ जुटने से यहां भी समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। जनपद में उल्टी दस्त व बुखार की चपेट में आकर साढे तीन माह में 45 लोग दम तोड़ चुके हैं। एक पखवारे में डेंगू के लक्षण वाले बुखार से अकेले मैथा में ही छह लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में डेंगू की जांच का इंतजाम न होने तथा किट से डेंगू पीड़ित मिलने के बाद भी उनको गंभीरता से न लिए जाने से मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इधर पतारी की एक किशोरी की अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में मौत होने व मदारपुर में बीमारी का प्रकोप फैलने के बाद भी टीमें प्रभावित गांवों में नहीं पहुंचीं। जबकि निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को भर्ती कर उपचार करने के बजाय टरकाए जाने से जिला अस्पताल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। दस बजे तक तीन सौ से अधिक नए मरीज ओपीड़ी में आ चुके थे। इससे फिजीशियन व बालरोग विशेषज्ञ के कक्षों के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी दिखीं। यहां जनरल व इमरजेंसी वार्ड लगभग फुल होने तथा भीड़ बढ़ने के कारण डाक्टरों द्वारा जहां अधिकांश मरीजों को दवा लिखकर टरका दिया गया। इससे लोग निजी अस्पतालों में या फिर झोलाछापों से इलाज कराने को विवश हो रहे हैं।

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की टिकट को लेकर दर्शकों ने जमकर किया हंगामा

कानपुर ।ग्रीनपार्क में 10 से 15 सितंबर के बीच होने वाली रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की टिकट को लेकर दर्शकों ने जमकर हंगामा किया। सुबह नौ बजे से गेट नंबर दस बी के पास खड़े दर्शकों का आपा उस समय खो गया, जब टिकट काउंटर पर पहुंचे एक आदमी ने बोला अभी टिकट छपकर नहीं आ पाए है। इतना सुनते ही दर्शक आग बबूला हो गए और हंगामा करने लगे। दूर–दूर से आए दर्शकों ने कंपनी को लोगों को जमकर कोसा और हंगामा करने लगे। दर्शकों का गुस्सा देख कंपनी के आदमी काउंटर छोड़कर मौके से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# चोरी की बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार,पुलिस को मिली बड़ी सफलता

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। गोल्हौरा थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी की तीन बाइक बरामद कर घटना को अंजाम देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनका चौथा साथी फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। बीते बृहस्पतिवार को पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसका तार इस घटना से जुड़ा हुआ है।बताते है कि गोल्हौरा थानाक्षेत्र के मऊ नानकार निवासी शिवरतन सहानी ने जोगिया उदयपुर थानाक्षेत्र के जोगिया गांव निवासी अपने दामाद रोहित को हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक दिया था। जिसे लेकर वह कुछ दिन पूर्व ककरही पुल के समीप सब्जी खरीदने आए थे। जहां से बाइक चोरी होने पर उन्होंने जोगिया कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बीते बुधवार को गोल्हौरा थाने के बगल साप्ताहिक बाजार लगी थी। जहां बाजार करने उक्त शिवरतन भी आए थे। बाजार में उन्हें अपनी चोरी गई बाइक खड़ी मिली। जिसे थानाक्षेत्र के ही महुआ समरी निवासी बदरे आलम (चीन) लेकर आया था। शिवरतन ने गोल्हौरा थाने की पुलिस को मामले से अवगत कराया। बदरे आलम ने पूछताछ में थानाक्षेत्र के ही परसपुर निवासी नुरुल्लाह (बहरैची) से बाइक खरीदना बताया। बहरैची ने अज्ञात लोगों से बाइक खरीदकर बेचने की बात पुलिस को बताया। पुलिस ने उक्त बदरे आलम को बाइक चोरी के मामले में बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया, और मामले के तह तक पहुंचने में जुटी रही। शनिवार को उन युवकों ने जिन्होंने बहरैची को बाइक बेचा था, उसे फोन किया कि आज भी बेचने के लिए एक बाइक हमारे पास है। जिसकी सूचना बहरैची ने पुलिस को देकर उन युवकों को बाइक खरीदने के बहाने बहादुरगंज चौराहे पर बुला लिया। जैसे ही दोनों युवक वहां पहुंचे पहले से ही घात लगाई पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पूंछताछ में दबोचे गए युवकों की पहचान रवि शर्मा पुत्र जनार्दन शर्मा निवासी ग्राम मरसठवा व आदर्श पाठक पुत्र ओमकार नाथ पाठक निवासी ग्राम सिघिया थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर के रूप में हुई। इनका एक साथी रामचरण पुत्र ब्रम्हदेव यादव फरार हो गया, जो आदर्श के गांव का निवासी है। पुलिस ने इनके निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक बरामद कर उक्त सभी के विरुद्ध केस दर्जकर रविवार को उक्त रवि, आदर्श व बहरैची को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रवि प्रयागराज में बी एस सी फाइनल वर्ष का छात्र है। जो इन दिनों घर रह रहा था। डी फार्मा कर चुके आदर्श व साथी रामचरण के साथ मिलकर जेब खर्च के लिए बाइक चोरी करके बेंचने का काम करते थे। जनपद महाराजगंज के फरेंदा थानाक्षेत्र तथा जनपद के बांसी कोतवाली में दर्ज मामलों से संबंधित बाइक समेत इनके पास से तीन बाइक बरामद हुई है।




## 75 वर्षीय महिला नदी में डूबी ,खोज बीन में जुटी पुलिस



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार। थाना क्षेत्र उसका बाजार के अजीगरा टोला गोनहा गांव की रहने वाली मालती पत्नी दयाराम साहनी 75 वर्षीय महिला नदी में डूबी वही जानकारी के मुताबिक महिला कपड़ा धुलने नदी पर गई थी और वही महिला का पैर फिसल जाता है नदी में चली जाती है और डूब जाती है महिला की नदी पर कुछ कपड़े मिले है घटना स्थल पर सदर क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा पहुंचे और उसका बाजार के थाना अध्यक्ष राजेश तिवारी पुलिस महिला की खोज बीन में जुट गई है।

## डीसीए की वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए 25 विद्यार्थी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार। उमा टेक्निकल इंस्टीट्यूट तेतरी चौराहा पर



कल दिन रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक विद्यार्थी लिखित परीक्षा दी उसके बाद 1 घंटा विद्यार्थियों से वाइबा लिया गया परीक्षा में 7 छात्राए और 18 छात्र परीक्षा में शामिल हुए वही शोहरतगढ के उमा टेक्निकल इंस्टीट्यूट से विद्यार्थी का सेंटर उमा टेक्निकल इंस्टीट्यूट उसका बाजार में आया और शांति पूर्वक से डीसीए डिप्लोमा परीक्षा दिलवाया गया उमा टेक्निकल के प्रबंधक कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि चार साल से कोचिंग संस्था चलाया जा रहा है ।

## प्रियंका चौधरी बनी डिप्टी कलेक्टर मिल रही बधाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। तहसील नौगढ़ में तहसीलदार न्यायिक पद पर



कार्यरत प्रियंका चौधरी का प्रोन्नति डिप्टी कलेक्टर पद पर हो गया है।शासन ने उनकी तैनाती डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ नगर के पद पर की है।जिले के राजस्व परिवार ने उन्हें बधाई दी हैं। उपजिलाधिकारी प्रदीप यादव,तहसीलदार राम ऋषि रमन,राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, विजय गुप्ता, नजमुल हसन, सुरेश तिवारी,प्रेम प्रकाश, श्रवण शुक्ला, श्रीराम चौरसिया,लेखपाल रामकरन गुप्ता,गणेश त्रिपाठी, सुधीर श्रीवास्तव,अशोक गुप्ता,राजेश, देवानन्द,कृष्ण भूषण द्विवेदी,राहुल मणि,कृष्णानन्द,कमलेश, पंकज मिश्रा बिन्दुसार मौर्य,योगेन्द्र,शशांक,सुबोध गुप्ता, अमीन राजेश मिश्र, अशोक यादव, धर्मेन्द सिंह आदि ने बधाई दी है।

# जनपद में आबकारी पुलिस ने दी दबिश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। राविवार को संजीव रंजन जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में जनपद के क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों एवं प्रवर्तन बस्ती प्रभार बस्ती की संयुक्त टीम ने अवैधा मध निष्कर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना मिश्रौलिया अंतर्गत सोनोली नानकार, गौरडीह, सीकरी, कनकटी आदि स्थलों पर दबिश दी। दबिश टीम को आता देखकर कच्ची शराब बनाने वाले नदी के रास्ते भाग गये। तलाशी के दौरान गाँव से दूर नदी किनारे सुनसान स्थलों पर गढ्ढों में प्लास्टिक के डब्बो में छुपाकर रखा गया लगभग 700 किलोग्राम महुआ लहन, प्लास्टिक की पिपिया में लगभग 46 लीटर कच्ची शराब एवम शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। महुआ लहन एवम शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। दबिश के दौरान शत्रुघ्न आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन बस्ती, संजय पाण्डेय आबकारी निरीक्षक बाँसी, राम महेश आबकारी निरीक्षक इटवा, अजय कुमार आबकारी निरीक्षक शोहरतगढ़ मय स्टाफ उपस्थित रहे।



# सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों को जीआरपी व सिविल पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर । धर्मशाला रेलवे अंडरपास के पास टूटे हुए ट्यूबवेल के पास झाड़ियों में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल तीन आरोपियों को एसबी रेलवे डॉ अवधेश सिंह और एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देशन में गठित पांच टीमों के अथक प्रयास से तीन आरोपियों को 10 दिसंबर को 18रू45 पर रेलवे बस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 9 के पश्चिम तिनकोनिया पार्क के पास से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है घटना का खुलासा पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी रेलवे डॉ अवधेश सिंह ने किया।उन्होंने बताया कि 7 सितंबर की रात 11रू00 बजे पीड़ित महिला एक व्यक्ति के साथ धर्मशाला रेलवे अंडरपास पुल के पश्चिम तरफ टूटे हुए ट्यूबवेल के पास बैठ कर बात कर रही थी उसी समय तीन युवक वहां पहुंचे और महिला के पास बैठे हुए युवक को जबरदस्ती डरा धमका कर भगा दिया और महिला को जबरदस्ती पकड़कर तीनों युवक उसे टूटे हुए ट्यूबवेल के पास ही झाड़ियों में ले गए जहां पर तीनों युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता को वहीं पर आरोपी छोड़कर भाग गए । किसी तरीके से पीड़िता रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित जीआरपी थाने पहुंची और अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया पुलिस ने तत्काल महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया और महिला के मौखिक बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। जिसमें एसपी क्राइम श्रीमती इंदु प्रभा के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह शाहपुर थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा, गोरखनाथ थाना प्रभारी दुर्गेश सिंह, सर्विस लांस व स्वाट टीम प्रभारी मनीष यादव तथा जीआरपी की गोरखपुर गोंडा बस्ती भटनी की सर्विस लांस की 5 टीमें लगी हुई थी टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए आरोपी में इम्तियाज पुत्र गुड्डू अंसारी अंकित पासवान पुत्र प्रेम पासवान, संतोष चौहान पुत्र स्वर्गीय शंकर चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार करने वाली टीम को एसपी जीआरपी ने रू0 10000 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पकड़े गए आरोपी रेलवे स्टेशन के पास थी कबाड़ बीनने का काम करते थे।




## खलीलाबाद से बहराइच नई रेल लाइन को लेकर सांसद ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल के कैंप कार्यालय पर खलीलाबाद से बहराइच नई रेल लाइन के निर्माण





के संबंध में रविवार को रेलवे के उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सांसद जगदंबिका पाल के अगुवाई में हुई बैठक में रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर गोरखपुर रविंद्र मेहरा , एक्स ई एन गोरखपुर आर के सिंह जी सीनियर सेक्शन इंजीनियर ,अजय कुमार , बैठक में सांसद जगदंबिका पाल ने खलीलाबाद से बहराइच नई रेल लाइन को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया तथा बढ़नी में वाशिंग पिट को नवम्बर तक चालू करने का आश्वासन उच्चाधिकारियों द्वारा दिया गया।

# बाबा साहब की स्मृति में खुलेंगे शिक्षण संस्थान

## शिक्षा से ही दूर होगी विषमता, गरीबी: जितेन्द्र कुमार

बस्ती। रविवार को बस्ती सदर विकास खण्ड के अम्बेडकर पार्क संसारपुर में डा. अम्बेडकर भगवान बुद्ध सामाजिक विकास मिशन समिति की बैठक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जितेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो का जो नारा दिया था वे सवाल अभी ज्यों के त्यों है। कहा कि शीघ्र ही समिति की ओर से डा. भीमराव अम्बेडकर शैक्षणिक संस्थान खोले जायेंगे। शिक्षा से ही विषमता, गरीबी दूर होगी। कार्यक्रम में इसका प्रतीकात्मक भूमि पूजन किये जाने के साथ ही सदस्यों में परिचय पत्र का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि डा. विनोद ने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे समस्याओं का हल निकलेगा, कहा कि एक रोटी कम खाईये किन्तु अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। इस अवसर पर दयानिधि आनन्द, जवाहिरलाल करमबीर, नरेन्द्र कुमार, रामयज्ञ, आर.के. गौतम, कृष्णावती देवी, शकुन्तला देवी, अन्नू देवी, गीता देवी, सिताबा देवी, हितलाल, भगवानदीन, रामदीन, पवन, शान्ती देवी, अरूण, मनोज, विकास, नादिर मुमताज, इम्तियाज अली, जाविर, सौरभ गौतम, सुनैना देवी, हृदयराम, अजय, शिवम, इन्द्रजीत आदि उपस्थित रहे।

## कोटेदार पर कम राशन देने का लगाया आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार। विकास खण्ड उसका बाजार के रेहरा निवासी दिनेश पटवा ने कोटेदार के ऊपर कम राशन देने का आरोप लगाया है कि कोटेदार कई महीनों से पांच यूनिट के जगह तीन ही यूनिट देता है दिजेश ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कोटेदार से राशन लेने जाते है तो गाली देकर भगा देता है जिलाधिकारी को पत्र देकर जांच कर करवाई की मांग की है।

## विद्युत समस्या को लेकर मंत्री जी को सौंपा गया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। विद्युत से परेशान उसका बाजार के लोगो ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को ज्ञापन दिया गया दिन शनिवार को नगर विकास मंत्री का सिद्धार्थनगर जिले में भ्रमण था और लोहिया कला भवन में उसका बाजार के लोगो ने मंत्री जी के पास पहुंचकर बिजली की समस्या को बताया गया वही भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शिव शरण ने अपने लेटर पैड पर मंत्री जी को बताया कि जैसे ही हल्की से बरसात होता है तो ब्रेक डाउन हो जाता है पावर हाउस पर बिजली रहने के वावजूद लोगो तक नही पहुंच पाती है और विद्युत विभाग से जब बात किया जाता है तो उनके द्वारा बताया जाता है कि जब तक रेलवे लाइन से अंडर पास नही होगा तब तक ऐसे ही समस्याएं उत्पन्न होती रहेगी वही मंत्री ए के शर्मा द्वारा विद्युत ठीक होने का आश्वासन भी दे दिया गया है।

## पंचायत भवन के प्रांगण में उगे हुए हैं घास फूस,नहीं खुलता है इसका ताला

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन। पंचायत भवन में रंग रोगन लगाने के बाद भी झाड़



झंखाड़ उगे हुए हैं। भवन के चहारदीवारी के अंदर पेड़ पौधे और खर पतवार उगे हुए हैं।जबकि सरकार का आदेश है कि ग्राम पंचायतों से सम्बंधित ज्यादा से ज्यादा कार्य पंचायत भवन से किया जाय।जिससे ग्रामीणों को किसी भी तरह की असुविधा न हो सके। लोटन विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भगता के पश्चिम तरफ बने पंचायत भवन के प्रांगण में पेड़ पौधे उग आए हैं।जिससे यह स्पष्ट है कि उसके दरवाजे खुलते ही नहीं है।सिर्फ शो पीस बना दिया गया है।जबकि सरकार की मंशा है कि ग्राम पंचायत स्तर के बहुत से कार्य यहीं से निपटाया जाय।ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी समय समय पर बैठ कर ग्रामीणों के समस्याओं का निस्तारण करें।लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है।उक्त पंचायत भवन सफेद हाथी साबित हो रहा है।

# सम्पादकीय

**इस समय भारत का पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा व्यापार बांग्लादेश के साथ है। पिछले साल आपसी व्यापार सिर्फ 10.78 बिलियल डश्वलर का था। इस साल वह 44 प्रतिशत बढ़कर 18.13 बिलियन डॉलर का हो गया है। दोनों देश मिलकर अब एक वृहद व्यापार समझौते की तैयारी भी कर रहे हैं। दोनों देश ...**

## भारत–बांग्ला प्रेमालाप



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्तमान भारत–यात्रा का महत्व क्या हमारे पड़ौसी देश समझ पा रहे हैं? पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव में जैसी अफरा–तफरी आजकल मची हुई है, ऐसी पिछले 75 साल में कभी नहीं मची। ये सभी भारत के पड़ौसी देश चीन के चक्रव्यूह में फंसकर गदगद थे। किसी देश में चीन बंदरगाह बना रहा है, किसी में हवाई अड्डे बना रहा है, किसी में सड़कें, रेलें और पुल बन रहे हैं और कहीं चीन लंबी अवधि के लिए द्वीप के द्वीप लीज पर लेकर सैनिक अड्डे खड़े कर रहा है लेकिन कुछ ही वर्षो में हमारे इन पड़ौसी देशों को पता चल गया है कि वे चीनी कर्जे के बोझ के नीचे दबते चले जा रहे हैं और ठोस उपलब्धि के नाम पर शून्य नजर आ रहा है। यों तो बांग्लोदश की स्थिति अन्य पड़ौसियों के मुकाबले बेहतर है और शेख हसीना के शासन–काल में उसकी सर्वविध उन्नति भी काफी हुई है लेकिन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी डगमगाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे झोली फैलाने की नौबत अब बांग्लादेश पर भी आन पड़ी है। हसीना सरकार के विरोधी उस पर जमकर हमला बोल रहे हैं। प्रदर्शनों, जुलूसों और हड़तालों का दौरदौरा शुरु हो गया है। ऐसे विकट समय में प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत–यात्रा का महत्व अपने आप असाधारण बन जाता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के प्रति प्रारंभ से ही अत्यंत स्नेहपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने प्राकृतिक संकट का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश की जो मदद प्रधानमंत्री बनते से ही की थी, उसे बांग्ला जनता अभी तक याद करती है। शेख हसीना की इस भारत–यात्रा के दौरान कुशियारा नदी के बारे में जो समझौता हुआ है, उससे दोनों देशों को लाभ होगा! तीस्ता नदी के बारे में भी रचनात्मक संकेत दोनों तरफ से मिले हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच छोटी–मोटी 54 नदियां हैं। दोनों देशों के बीच 4000 किमी की सीमा है। बांग्लादेश आजकल ब्रिटेन की तरह भयंकर ऊर्जा–संकट से गुजर रहा है। दो बिलियन डॉलर की लागत से खुलना में बनने वाले बिजलीघर का दोनों नेताओं ने उदघाटन भी किया। इसमें भारत 1.6 बिलियन डॉलर लगाएगा। इसके अलावा बांग्लादेश की रेल्वे और सड़कों के निर्माण में भी भारत जमकर मदद करेगा। भारत लगभग 500 मिलियन डॉलर की मदद प्रतिरक्षा उपकरणों के लिए भी दे रहा है। बांग्लादेश को भारत तरह–तरह की फौजी सामान देने में भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। इस समय भारत का पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा व्यापार बांग्लादेश के साथ है। पिछले साल आपसी व्यापार सिर्फ 10.78 बिलियल डॉलर का था। इस साल वह 44 प्रतिशत बढ़कर 18.13 बिलियन डॉलर का हो गया है। दोनों देश मिलकर अब एक वृहद व्यापार समझौते की तैयारी भी कर रहे हैं। दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ भी कटिबद्ध हैं। शेख हसीना को अपने सांप्रदायिक तत्वों के साथ जरा सख्ती बरतने की भी जरुरत है। यदि मोदी इस बात पर भी जोर देते तो अच्छा रहता।

## नब्ज तो ठीक पकड़ी है

नफरत छोडने का संदेश लेकर जनता के बीच जाना तो ठीक है, लेकिन श्हम दो हमारे दोय की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या रणनीति है?

कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी ने जो भाषण दिया, उससे फिर जाहिर हुआ कि वे उन चंद राजनेताओं में हैं, जो आज की भारत की पॉलिटिकल इकॉनमी के चरित्र को ठोस ढंग से समझते हैं। इस समझ को कुछ समय पहले उन्होंने श्हम दो, हमारे दोय– के जुमले में व्यक्त किया। इस बार उन्होंने ये महत्त्वपूर्ण बात जोड़ी कि नफरत वही करते हैं, जो डरते हैं। इसलिए देश में डर का माहौल बनाया गया है, ताकि लोग आपस में नफरत करें और देश की असली समस्याओं से उनका ध्यान हटा रहा। तमाम संस्थानों पर सत्ताधारी पार्टी के कब्जे की बात वे पहले भी करते रहे हैं। इस बार उन्होंने अपनी ये बात अधिक आक्रामक अंदाज में रखी। इस कब्जे के बीच जो रास्ता उन्होंने सोचा है, उसकी प्रासंगकिता से भी इनकार नहीं किया जा सकता– यानी अब सीधे जनता के बीच जाना। बुधवार से राहुल गांधी इसी रास्ते में कदम रखेंगे। ये सफर कितना लंबा, कितना मुश्किल और कितना जोखिम भरा होगा, इसका अभी पूरा अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

लेकिन एक प्रश्न इस मौके पर जरूर उठता है। वो यह कि जनता के बीच नफरत छोडने का संदेश लेकर जाना तो ठीक है, लेकिन श्हम दो हमारे दोय की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर जब वे इस राजनीतिक अर्थतंत्र की बात करेंगे, तो लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या सोच और रणनीति है? कहा जाता है कि अक्सर ऐसी समझ और विकल्प प्रयोग के दौरान उभरते हैं। ऐसी मिसालों से इतिहास भरा–पड़ा है। इसलिए ये सवाल उठाने का मतलब राहुल गांधी की यात्रा की प्रासंगकिता पर प्रश्न उठाना नहीं है। बल्कि इसके पीछे मकसद उन्हें और उनकी पार्टी को आगाह करना है कि अगर विकल्पों पर सोचने की दृष्टि उन्होंने नहीं दिखाई और पुराने दौर को वापस लाने या कुछ बचाने के नाम तक उन्होंने इस अभियान को सीमित रखा, तो इससे वे अपेक्षाएं पूरी नहीं होंगी, जिसे लेकर वे 3,500 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा शुरू करने जा रहे हैं।

## गिरती साख के बीच आयकर के छापे

**निर्वाचन का कैलेंडर बनाने से लेकर नतीजे आते तक चुनाव अधिकारी सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की सुविधा का केवल ख्याल ही नहीं रखते बल्कि ऐसा वातावरण बनाते हैं जिससे भाजपा का जीत का मार्ग सुगम हो। फिर इसके लिये चाहे उसे एक दौर में हो सकने वाला मतदान कई चरणों में कराया जाना हो अथवा चेहरे व पार्टियां देखकर आने वाली आचार संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों पर फैसले ही ...**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर की पैदल यात्रा गुरुवार को प्रारम्भ हो गयी, तो वहीं दूसरी तरफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की मुहिम के तहत देश के प्रमुख गैर भाजपायी दलों के नेताओं से मेलमिलाप में जुटे हुए हैं। ऐसे में बुधवार का दिन आयकर विभाग के लिये बेहद सक्रियता का रहा। देश के 79 से ज्यादा छोटे सियासती दलों के खिलाफ आयकर विभाग ने इस बिना पर कार्रवाइयां की हैं कि ये पार्टियां संदेहास्पद लेन–देन के साथ आयकर छूटों का लाभ तो ले रही हैं परन्तु चुनाव आयोग को खर्चों का विवरण नहीं दे रही हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश के ऐसे छोटे–मोटे दलों पर 100 से अधिक कार्रवाइयां की गयीं। विभाग का आरोप है कि इन्होंने 2018–19 और 2019–20 के दौरान तकरीबन 1000 करोड़ रुपये की कर सम्बन्धी छूटों का लाभ लिया। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में 623 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों ने उम्मीदवार उतारे थे। इन्होंने खर्चों का ब्यौरा नहीं दिया। इतना ही नहीं, 1700 दल चुनाव तो लड़े नहीं परन्तु उन्होंने भी करोड़ों रुपयों की टैक्स चोरी की।




दोषियों पर छापों एवं कार्रवाइयों का स्वागत है और उससे किसी को कोई शिकायत नहीं है। और तो और, साफ–सुथरी निर्वाचन प्रणाली में भरोसा रखने वाला हर कोई चाहता है कि चुनावों में होने वाले अवैध धन का उपयोग रुके। लोकतांत्रिक लोग, संगठन एवं सिविल सोसायटियां लम्बे समय से मांग भी करती आई हैं कि धन बल का उपयोग सीमा के भीतर हो। इसे चुनाव सुधार का एक अनिवार्य हिस्सा तो माना गया लेकिन कभी इस पर गंभीरतापूर्वक काम नहीं हुआ। केन्द्र की सत्ता पर काबिज और पिछले कुछ समय से भारतीय राजनीति की केन्द्रीय शक्ति बन चुकी भारतीय जनता पार्टी ने इस समस्या को ऐसे अधिक गम्भीर बना दिया कि उसने इन सभी एजेंसियों को ही अपने चुनावी हथियार बना दिये हैं। चुनाव आयोग के साथ ही जांच एजेंसियों का काम भाजपा–विरोधी दलों को निशाने पर लेते रहने का है। आयकर (आईटी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उपयोग न केवल विपक्षी दलों के विधायकों–सांसदों–नेताओं को डराने के लिये होता है वरन राज्यों की निर्वाचित सरकारों को गिराने में तक खुल्लमखुल्ला होने लगा है।

महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, भ्रष्टाचार, कोविड का कुप्रबंधन, गिरती जीडीपी, मुद्रास्फीति, निजीकरण आदि के कारण लोगों के बीच असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। अनेक नाकामियों के कारण मोदी एवं भाजपा सरकार की लोकप्रियता घटती जा रही है। राहुल के सवालों से भाजपा घिरती जा रही है। बिहार में नीतीश के साथ गठबन्धन टूटने से वह आहत तो है ही, तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में उसके हाथों से गुजरात के निकल जाने का डर भी उसे सता रहा है। सतत मजबूत होती कांग्रेस एवं विपक्षी एकता के मद्देनजर 2024 का चुनाव उसके लिये एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है। चुनाव हारकर भी सरकार बनाने में माहिर भाजपा के लिये ऐसे में निश्चित ही छोटे दल कहीं न कहीं काम आ सकते हैं। हालांकि फिलहाल इनकी ऐसी कोई बड़ी ताकत नहीं है पर वोटरों के लिहाज से वे उपयोगी पड़ सकते हैं। इसलिये इन छापों का भाजपा के राजनैतिक हितों से कनेक्शन होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इन छापों में कितनी सच्चाई है, यह अभी तो कहना मुश्किल है पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि ये निष्पक्ष या वास्तविक जांच के लिये कतई नहीं मारे गये हैं। कोई यह न कहे कि ये छापे तो चुनाव आयोग के निर्देश पर मारे गये हैं। सभी जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में केन्द्रीय चुनाव आयोग की अपनी विश्वसनीयता ही संदेह के घेरे में है। आयोग स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्णय लेने का अपना विवेक एवं साहस कभी का खो चुका है। निर्वाचन का कैलेंडर बनाने से लेकर नतीजे आते तक चुनाव अधिकारी सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की सुविधा का केवल ख्याल ही नहीं रखते बल्कि ऐसा वातावरण बनाते हैं जिससे भाजपा का जीत का मार्ग सुगम हो। फिर इसके लिये चाहे उसे एक दौर में हो सकने वाला मतदान कई चरणों में कराया जाना हो अथवा चेहरे व पार्टियां देखकर आने वाली आचार संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों पर फैसले ही क्यों न हो। चुनाव आयोग एवं जांच एजेंसियों को अपनी विश्वसनीयता फिर से पाने के लिये काफी मेहनत करनी होगी।

## विपक्ष के सामने कुआं और खाई

**तभी दोनों विकल्पों में से बेहतर यह लगता है कि विपक्षी पार्टियां कोई चेहरा पेश न करें। सभी पार्टियां अपने अपने असर वाले राज्य में भाजपा को रोकने की राजनीति करें। जैसे 2004 के लोकसभा चुनाव में हुआ था। उस चुनाव में सपा को अपने इतिहास की सबसे ज्यादा 36 सीटें मिली थीं। राजद को अपने इतिहास की सबसे ज्यादा 25 सीटें मिली थीं और लेफ्ट पार्टियों ने भी अपने इतिहास का सबसे ...**

अजीत द्विवेदी

अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी विपक्षी पार्टियां इस बुनियादी सवाल पर बंटी हैं कि उनका प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। कहने को कोई भी विपक्षी नेता अपने को दावेदार नहीं बता रहा है। लेकिन सबको पता है कि विपक्षी एकजुटता के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। पार्टियों के बीच गठबंधन, सीटों का बंटवारा, साझा न्यूनतम कार्यक्रम आदि चीजें तय करने में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि सारी विपक्षी पार्टियां किसी न किसी समय एक साथ रह चुकी हैं। सबको एक–दूसरे की विचारधारा का पता है और सरकार चलाने के तौर–तरीकों से भी सब वाकिफ हैं। चुनाव लडने–लड़ाने की एक–दूसरे की क्षमता भी सबको पता है और किसी प्रादेशिक पार्टी को दूसरे राज्य में जाकर लडने की जरूरत नहीं है। इसलिए सीट बंटवारे की समस्या भी नहीं है। असली समस्या यह है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला चेहरा कौन होगा? कोई चेहरा होगा भी या नहीं?

तभी विपक्षी पार्टियां इस सवाल को टाल रही हैं। पटना में के चंद्रशेखर राव ने यह कहते हुए इस सवाल का जवाब टाला कि यह बाद में तय होगा तो दिल्ली में नीतीश कुमार ने इस सवाल को टालते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता पहले कई बार ऐलान कर चुके हैं कि ममता बनर्जी के लिए अब दिल्ली दूर नहीं है लेकिन अब उनकी पार्टी भी मुंह बंद करके बैठी है। शरद पवार पहले ही उम्र और सेहत के आधार पर अपने को अलग कर चुके हैं।

एक अरविंद केजरीवाल जरूर अपनी डफली बजा रहे हैं और उनकी पार्टी दावा कर रही है कि 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होकर रहेगा लेकिन उनकी हकीकत सबको पता है। संभव है कि मौजूदा लोकसभा की तरह अगली लोकसभा में भी उनके पास एक भी सांसद न हो। अगर उनकी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करे तब भी उनके लोकसभा सांसदों की संख्या दहाई में पहुंचने की संभावना लगभग शून्य है। इसलिए उनके ढिंढोरा पीटने का कोई मतलब नहीं है।

अब सवाल है कि विपक्षी पार्टियों क्यों इस सवाल को लेकर दुविधा में हैं और उनके सामने क्या विकल्प हैं? यह भी सवाल है कि विपक्ष के लिए बेहतर क्या होगा– पीएम पद का दावेदार पेश करना या बिना दावेदार पेश किए चुनाव लडना? इसका जवाब आसान नहीं है। इसमें एक तरफ कुआं है तो दूसरी तरफ खाई है। पहले इस विकल्प पर विचार करें कि विपक्ष बिना दावेदार पेश किए लड़ता है तो क्या होगा? इस संभावना को देखते हुए भाजपा के आईटी सेल का प्रचार पहले ही शुरू हो गया है। सोशल मीडिया में ऐसी पोस्ट आने लगी है कि अगर विपक्षी पार्टियों की सरकार बनी तो हफ्ते के सातों दिन सात नेता बतौर प्रधानमंत्री काम करेंगे। एक दिन नीतीश कुमार तो दूसरे दिन ममता बनर्जी, तीसरे दिन शरद पवार, चौथे दिन अरविंद केजरीवाल आदि आदि। बिना दावेदार पेश किए लडने पर दूसरा प्रचार यह होगा कि विपक्ष के पास मोदी से मुकाबले का कोई नेता नहीं है। तब अकेले मोदी दावेदार होंगे और इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका चेहरा अब भी सबसे ज्यादा वोट आकर्षित करने वाला चेहरा है।

अगर विपक्ष दूसरा विकल्प चुनता है यानी दावेदार पेश करके लडने का फैसला करता है तो सबसे बड़ा सवाल है कि वह चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष के पास मोदी की तरह अखिल भारतीय पहचान और अपील वाला कोई चेहरा है? विपक्ष के हर नेता की सीमाएं हैं। नीतीश कुमार का चेहरा विपक्ष को बिहार और झारखंड के अलावा कहीं और वोट नहीं दिला सकता है। वे चेहरा होंगे तो पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को या महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार को अतिरिक्त वोट नहीं दिला सकेंगे। इसी तरह ममता बनर्जी चेहरा होंगी तो वे बंगाल से बाहर किसी दूसरे राज्य में अतिरिक्त वोट नहीं दिला सकेंगी। इस तरह की सीमाएं हर प्रादेशिक नेता की हैं। जहां तक राहुल गांधी की बात है तो पिछले आठ–दस साल के सुनियोजित प्रचार से उनकी छवि एक अगंभीर और कम बुद्धि वाले नेता की बना दी गई है। तभी इस रणनीति में ज्यादा खतरे हैं। जैसे सबसे पहले तो चेहरा पेश होते ही मोदी के साथ उसकी तुलना होगी। राजनीतिक और प्रशासनिक क्षमता के अलावा दूसरे कई पहलुओं से यह तुलना होगी। ध्यान रहे पिछले आठ–दस साल में सोशल मीडिया में मोदी की ऐसी छवि गढ़ी गई है कि कोई भी नेता उनका मुकाबला नहीं कर सकता है। उनकी ईमानदारी, सादगी, देशभक्ति, बहादुरी आदि के ऐसे ऐसे किस्से जनता के दिमाग में बैठाए गए हैं कि उनके बरक्स दूसरा कोई भी नेता बहुत छोटा प्रतीत होगा। दूसरा खतरा यह है कि प्रादेशिक पार्टियों की अस्मिता की राजनीति नहीं चल पाएगी। ध्यान रहे ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियां अस्मिता की राजनीति करती हैं। ममता बनर्जी बांग्ला अस्मिता की प्रतिनिधि नेता हैं तो उद्धव ठाकरे और शरद पवार मराठा अस्मिता की राजनीति करने वाले नेता हैं। स्टालिन द्रविड अस्मिता का प्रतिनिधित्व करते हैं तो के चंद्रशेखर राव तेलुगू प्राइड और देवगौड़ा परिवार कन्नड़ अस्मिता की राजनीति करने वाले हैं। पहले बिहारी अस्मिता नाम की कोई चीज नहीं होती थी लेकिन सोशल मीडिया के जमाने में अब यह भी एक मुद्दा है।

ऊपर से नीतीश कुमार ने खुद बिहारी उप राष्ट्रीयता को हवा दी है। ऐसे में अगर किसी एक राज्य का नेता विपक्ष का साझा दावेदार होता है तो दूसरे राज्यों में अस्मिता की राजनीति बिखर जाएगी। नीतीश कुमार के नाम पर ममता बनर्जी बांग्ला अस्मिता का दांव नहीं खेल सकती हैं। अगर उनका लक्ष्य लोकसभा की सारी या अधिकतम सीटें जीतने का है तो यह तभी संभव होगा, जब वे पहला बांग्ला प्रधानमंत्री बनने का दांव खेलें। इसी तरह नीतीश कुमार को फायदा तब होगा, जब पहला बिहारी प्रधानमंत्री बनने की संभावना का प्रचार हो।

इस लिहाज से बिना दावेदार पेश किए लडने का विकल्प कम नुकसान वाला है। अगर विपक्ष कोई दावेदार नहीं पेश करता है तो हर राज्य में प्रादेशिक क्षत्रप पीएम पद का अघोषित दावेदार होगा। वह क्षेत्रीय, जातीय और भाषायी अस्मिता का मुद्दा बना सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के हिंदू हृदय सम्राट होने की धारणा पर तभी चोट होगी, जब प्रादेशिक पार्टियां उनकी गुजराती अस्मिता को मुद्दा बनाएंगी और उसके बरक्स अपनी अस्मिता का दांव चलेंगी। हालांकि यह इतना सरल नहीं होगा। नरेंद्र मोदी ने पहले ही इस संभावना को भांप लिया था और उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट से चुनाव लड़ा। वे प्रधानमंत्री बनने के बाद भी गुजराती अस्मिता का राजनीतिक कार्ड इस्तेमाल करते हैं लेकिन साथ ही वे हिंदी पट्टी के लोगों के बीच पिछड़ी जाति और हिंदू पहचान का भी इस्तेमाल करते हैं। सो, अस्मिता की राजनीति करते समय विपक्षी पार्टियों को इसका ध्यान रखना होगा।




# संदिग्ध हालत में नहर में डूबे युवक का मामला बना हाईप्रोफाइल

## परिजनों के प्रदर्शन के बाद छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

मानपुर (सीतापुर)। इलाके से निकली शारदा सहायक नहर खीरी ब्रांच में संदिग्ध हालात में एक युवक के डूबने के दूसरे दिन गुरुवार को उसका शव नहर से बरामद हो गया। जिसके बाद परिजनों ने नहर के पास शव रखकर प्रदर्शन कर मुकदमा लिखने का दबाव पुलिस पर बनाने लगे। सूचना पर सीओ लहरपुर व कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एक ही गांव के छह लोगों के विरुद्ध मानपुर थाने पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बताते चलें कि मुनेंद्र मिश्रा उर्फ सानू 30 पुत्र अनिल मिश्रा निवासी ग्राम कैमहरा खुर्द को लोगों ने नहर खीरी ब्रांच के नसीरपुर पुल के पास बीते गुरुवार शाम तीन बजे के करीब टहलते देखा था। जिसके बाद लोगों में मुनेंद्र के डूबने की चर्चा होने लगी। ग्रामीणों व पुलिस का कहना यह भी है मुनेंद्र शराब पीने का आदी था। सूचना पर मानपुर पुलिस व तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नहर के किनारे रखे मुनेंद्र के चप्पलों की पहचान कर ली गई थी। जिसके बाद नहर अधिकारियों को सूचना कर पानी के बहाव को कम करा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस व ग्रामीण युवक की तलाश नहर से करते रहे। दूसरे दिन डूबे युवक मुनेंद्र का शव नहर की एक खोह से बरामद हो गया। जिसके बाद परिजन शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते हुए मुकदमा लिखने का दबाव पुलिस पर बनाते रहे। मामले की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुजीत कुमार दुबे, तालगांव थाना प्रभारी सन्तोष कुमार, थाना प्रभारी मानपुर आदि समय भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों के आदेश के बाद मृतक की माता माधुरी की तहरीर पर मानपुर पुलिस ने कैमहरा खुर्द के छह दलित बिरादरी के लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभियुक्तों में कैमहरा खुर्द के सुनील, कौशल पुत्रगण रामौतार, सुजीत उर्फ जुगाड़ी पुत्र मुन्नूलाल, प्रमोद पुत्र मंगरेलाल, करन पुत्र प्रमोद व उमेश पुत्र किशोरी लाल सामिल हैं। वादिनी का आरोप है कि उसके पुत्र को उपरोक्त नामजद लोग बुला ले गए थे। जसके बाद उसे नहर में डुबोकर उसकी हत्या कर दी। सीओ सुजीत कुमार दुबे का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सांसद व विधायक ने कौआखेड़ा व अरूवा पंचायत भवन का किया लोकार्पण

साण्डा (सीतापुर)। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत कौआखेड़ा व अरुवा ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का सांसद राजेश वर्मा व क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा द्वारा पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के उपरांत विधायक निर्मल वर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं को देखते हुए लागू किया गया। क्योंकि ब्लॉक स्तर के छोटे.मोटे कामों के लिए ग्राम पंचायत के लोगों को ब्लॉक स्तर पर दौडना पड़ता था। अब ब्लॉक स्तर के जो कार्य हैं। वह ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक द्वारा किया जाएगा। जैसे कार्य की जियो टैगिंग करना, श्रमिकों को मांग के सापेक्ष का ससमय कार्य का आवंटन करना, ई मास्टर रोल जारी करना, निकालना, ई मास्टर रोल की अवधि समाप्त होने के उपरांत नरेगा वेबसाइट पर मास्टर रोल फीड करना, फीड किए गए मास्टर रोल की वेज लिस्ट बनाना, कार्य में यदि सामग्री की आपूर्ति ली गई है तो उसके बिल बाउचर फीड करना, फीड की गई सामग्री की मटेरियल लिस्ट तैयार करना, वेज लिस्ट को भुगतान हेतु विकासखंड के लेखाकार प्रथम हस्ताक्षर करता के लॉगिंग में भेजना आदि यह सब कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में पंचायत सहायक के द्वारा किया जाएगा और पंचायत भवन में एक पुस्तकालय भी खोला जाएगा। जिसमें सभी धर्मों की किताबें होंगी जो व्यक्ति पढना चाहेगा। वह व्यक्ति पंचायत भवन में आकर किताबें पढ़कर के ज्ञान अर्जित कर सकता है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा, संयुक्त खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा, पंचायत सहायक विकास अधिकारी एसके सरोज, ग्राम विकास अधिकारी अधिकारी शिवेंद्र प्रताप, ग्राम विकास अधिकारी संतलाल पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी शिवमंगल मिश्रा, सकरन प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह और ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत वासी मौजूद रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

बिसवां नगर (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन बिसवां इकाई अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा व वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा नगर के समाजसेवी शब्बीर खान की अगुवाई में बिसवां कस्बे के डॉ जावेद खान की पुत्री तश्मिया खान व विशाल अग्रवाल के सुपुत्र अलंकृत अग्रवाल को आल इंडिया नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बच्चों को माल्यर्पण, मीठा खिलाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और योग्य एमबीबीएस चिकित्सक बनकर गरीबों की सेवा करने की बधाई दी। इस मौके पर अश्वनी कुमार त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, चंदन त्रिवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास अग्रवाल, शहजादे खान सहित यूपी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के सदस्य मौजूद रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में महोली सीएचसी ने मारी बाजी

## कार्डधारक को मिलता है पांच लाख रुपये का सालाना मुफ्त इलाज

सीतापुर। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) बनाने में महोली ब्लॉक ने पूरे जिले में बाजी मारी है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने के मामले में महोली ब्लॉक पहले स्थान पर है। यहां के ग्रामीण क्षेत्र के 34.78 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 37.54 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। बात अगर जिले की करें तो जिले भर में अभी तक 22.23 प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। इनमें से 22.13 प्रतिशत ग्रामीण और 23.06 प्रतिशत शहरी लाभार्थियों को यह कार्ड उपलब्ध हो गए हैं।

यह है ब्लॉकवार स्थितिः ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में मछरेहटा दूसरे और पहला ब्लॉक तीसरे स्थान पर है। मछरेहटा में 29.86 और पहला में 29.19 प्रतिशत 34.78 कार्ड बन गए हैं। इसी तरह एलिया में 29.07, हरगांव में 24.87, खैराबाद में 24.24, महमूदाबाद में 23.68, पिसावां में 23.35, लहरपुर में 23.13, कसमंडा में 22.54, सिधौली में 13.96, मिश्रिख में 20.86, बिसवां में 20.44, परसेंडी में 20.37, गोंदलामऊ में 19.00, बेहटा में 18.90, रामपुर मथुरा में 15.23, सकरन में 14.66 और रेउसा में ब्लॉक में 12.37 प्रतिशत ग्रामीणों को ही यह कार्ड उपलब्धा हो सके हैं।

यह है निकायवार स्थिति

ग्रामीण लाभार्थियों की ही तरह शहरी लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड धारकों के मामले में महोली नगर पंचायत पहले स्थान पर है। नगर पालिका परिषद लहरपुर के 30.21 प्रतिशत और सीतापुर नगर पालिका परिषद में 25.19 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। यह दोनों निकाय क्रमशरू दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इसके अलावा तंबौर नगर पंचायत के 23.14, मिश्रिख नगर पालिका परिषद के 23.12, सिधौली नगर पंचायत के 22.77, हरगांव नगर पंचायत के 19.04, महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के 18.52, खैराबाद नगर पालिका परिषद के 17.75, बिसवां नगर पालिका परिषद के 17.24 और पैंतेपुर नगर पंचायत के 14.65 प्रतिशत शहरी लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन गए हैं।

क्या कहती हैं सीएमओ

सीएमओ डॉ0 मधु गैरोला ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बनने वाले आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबी रेख से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रति साल पांच लाख रुपये तक का निरूशुल्क उपचार किया जाता है। इस कार्ड के माध्यम से देश भर के सरकारी अस्पतालों के साथ ही कुछ चिन्हित निजी अस्पतालों में भी निरूशुल्क उपचार कराया जा सकता है। जिले में अभियान चलाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। क्या कहते हैं लाभार्थीः गोंदलामऊ ब्लॉक के सूरजपुर गांव निवासी संतोष बताते हैं कि एक सड़क हादसे में उनके दाहिनें पैर की एक हड्डी टूट गई थी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से शहर के एक निजी अस्पताल में उनके पैर का निरूशुल्क ऑपरेशन हुआ, जिसके बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। पिसावां ब्लॉक के बरगांवा गांव निवासी राम नरेश गुप्ता बताते हैं कि 75 वर्ष की उम्र में उन्हें मोतियाबिंद की समस्या हो गई। जिस पर उन्होंने शहर के एक निजी अस्पताल में अपनी आंखों का ऑपरेशन कराया और अब वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और आसानी से देख सकते हैं।

इन अस्पतालों में मिल रहा लाभः जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय सहित जिले के सभी 19 ब्लॉक सीएचसी पर आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज होता है। इसके अलावा सीतापुर आंख अस्पताल सहित रेखा दृष्टि केयर, सेठी हॉस्पिटल, प्रगति नर्सिंग होम, बीसीएम हॉस्पिटल खैराबाद, हिन्द मेडिकल कॉलेज अटरिया, आईकॉन हॉस्पिटल लहरपुर और सक्षम नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज होता है।

## बच्चा चोरी की अफवाहों से दूर रहें,शक होने पर कानून अपने हाथ में न लें, पुलिस को सूचित करें: राजेश द्विवेदी

हरदोई। इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाहों से पुलिस वाह नागरिक परेशान हैं कहीं किसी व्हिच प्रगति को अथवा महिला को शक के दायरे में मारपीट कर देना उसे बुरी तरह से मारना मारने पीटने की खबरें मिल रही है जंतु बच्चा कैसे चोरी की कोई भी घटना है प्रकाश में नहीं आई है ना ही किसी पब्लिक द्वारा किसी प्रकार की शिकायत की गई है सोशल मीडिया के जरिए अराजक तत्वों ने इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाई हैं जिसमें सजगता से रह कर ऐसे वायरल खबरों पर ध्यान ना दें पुलिस उनके साथ है कानून अपने हाथ में ना लें शक होने पर 112 या पुलिस को सूचित करें ओक तो अपील गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में आहूत जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत चौपाल लगाकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा कोतवाली शहर क्षेत्रांतर्गत जीआईसी इंटर कॉलेज में पहुंचकर बच्चा चोर की अफवाहों के संबंध में बच्चो को जागरूक किया गया व किसी भी अफवाहों पर ध्यान न दें,यदि बच्चा चोर के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल अपने निकटतम थाना क्षेत्रध् चौकी क्षेत्रध्डायल 112 पर सूचित करें।

## आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती–राजवर्धन सिंह राजू

हरदोई। आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। समस्या से भागने से चुनौती और बढ़ जाती है। चुनौती या मुसीबत से निपटने के लिए उसका हिम्मत के साथ सामना करने से ही रास्ता निकलता है। कई बार देखने में यह आया है कि सामान्य अवसाद के कारण भी अमूमन युवा आत्महत्या की ओर उन्मुख हो जाते हैं।नशे के लत के कारण भी लोग आत्महत्या का शिकार होते हैं। अवसाद से निपटने के लिए योग, ध्यान करें अथवा मधुकर संगीत सुनें। समस्या आने पर घबराएं नहीं बैठकर बात करें, हर समस्या का हल संवाद के माध्यम से ही निकल सकता है। उक्त बातें शिवपाल सिंह जन कल्याण समिति द्वारा शविश्व आत्महत्या बचाव दिवसश पर आत्मसंतुष्टि भवन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहे। नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अंशुल सूरी ने बताया कि शिवपाल सिंह जन कल्याण समिति समय–समय पर संगोष्ठी, नशामुक्ति केन्द्र आदि का संचालन करती रहती है। मानसिक रोग के लक्षण जाने पहचाने तथा डॉक्टरों से सम्पर्क करें। विश्व आत्महत्या बचाव दिवस पर संगोष्ठी में निरीक्षक विकास गुप्ता एवं वार्डन असिस्टेंट संजय वर्मा मौजूद रहे।

## आबादी की भूमि पर कोर्ट का आदेश आने तक किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जायेगाः डीएम

हरदोई ।माह के द्वितीय थाना पचदेवरा में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। थाना समाधान दिवस में ग्राम अनकपुर में लगने वाली रामलीला की आबादी की भूमि पर कोर्ट में वाद विचाराधीन होने के बाद भी दो लोगों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी न्यायिक सवायजपुर तथा कानूनगो को निर्देश दिये कि उक्त आबादी की भूमि पर कोर्ट का आदेश आने तक किसी के द्वारा किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जायेगा। उन्होने थानाध्यक्ष पचदेवरा को निर्देश दिये कि अवैध निर्माण करने वाले दोनों पक्षों को पांच–पांच लाख रूपया के मुचलके पर वानडाउन करें तथा बीट सिपाहियों के माध्यम से नियमित उक्त स्थल की जानकारी लें और दोनों पक्षों में से किसी के द्वारा आदेश का उल्लघंन करने पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजें।

थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी गौशाला, कब्रिस्तान, चकरोड, खेल मैदान आदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर समस्त सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों के विरूद्व एंटी भूमाफिया के अन्तर्गत कार्यवाही करें। वरासत संबंधी शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने एसडीएम न्यायिक को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के वरासत से संबंधित सभी प्रकरणों को एक सप्ताह में निस्तारण करायें। थाना समाधान दिवस में प्राप्त मात्र तीन शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को समय से निस्तारत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर गांवों का नियमित निरीक्षण करें तथा छोटे–छोटे विवादों का निस्तारण ग्राम प्रधान, सचिव एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में गांव में ही आपसी सुलह समझौते के आधार पर करायें। उन्होने थानाध्यक्ष को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शान्ति बनाये रखने के लिए गांव के आराजक, आसामाजिक, अपराधिक तथा दंबग लोगों की गतिविधियों पर नजर रखें तथा इनके बारे में बीट सिपाही व चौकीदारों के माध्यम से नियमित जानकारी लें।

# मजदूरों और युवाओं का खून चूसकर करोड़ों की चल अचल संपत्ति का मालिक बना सट्टा किंग कौशल मामा

## मटका सट्टे के बाद अब क्रिकेट में भी लगा रहा दांव,युवाओं को तीन परसेंट का प्रलोभन देकर कर रहा बर्बाद

हरदोई। मंहगे शौक रखने वाला सट्टा किंग कौशल मामा इन दिनों अखबार और जरायम की दुनिया में हर कोई के लिए बेताज बादशाह बना हुआ है वहीं पुलिस 13 जी के जरिए गुर्गों पर महज खानापूर्ति करके इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है जबकि करोड़ों रुपए की संपत्ति बनाने वाला सट्टा किंग अब क्रिकेट में सक्रिय होकर युवाओं को बर्बाद कर रहा है आखिर पुलिस इस पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर कब छानबीन करेगी। इसका बेसब्री से इंतजार है।

महज कुछ सालों में गरीबों मजदूरों और युवाओं का खून चूसकर करोड़ों की चल अचल संपत्ति का मालिक बना सट्टा किंग कौशल मामा सट्टा मटका ही नहीं क्रिकेट मैच पर भी दांव लगवाकर लोगों को चूना लगाने में जुटा है।यही नहीं, मामा शहर के युवाओं को भी प्रलोभन देकर बर्बाद कर रहा है।मामा ने अपने गैंग के जरिए मटका सट्टा के काम को तो आगे बढ़ाया ही साथ ही क्रिकेट मैच में भी सट्टा लगवाना शुरू कर दिया। मामा और उसके गुर्गों मोनू पाल स्कोडा,टुनटुन,सुनील,राजू और भूरी ने शहर के युवाओं को बर्बाद करने का बीड़ा उठा रखा है।

रअसल शहर के युवाओं को यह प्रलोभन देते हैं कि क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले खिलाड़ी लाकर दो, जितने का सट्टा लगेगा उसका तीन परसेंट लगवाने वाले को दिया जाएगा।ऐसे में अब मामा के सिंडिकेट में मामा के प्रमुख गुर्गों के साथ ही मामा ने शहर के युवाओं को भी इस धंधे में शामिल करना शुरू कर दिया है,लिहाजा युवाओं का भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है।मामा ने तो इस काले कारोबार के जरिए गरीबों का खून चूस कर अवैध कार्यों से अर्जित किए गए करोड़ों रुपए से कैनाल रोड पर रॉयल होटल के पड़ोस में मकान,सहारा इंडिया बैंक के पास सड़क पर बेशकीमती जमीन जिसमें निर्माण कार्य जारी है।फायर स्टेशन के सामने गली में,चन्दीपुरवा व रेलवे लाइन के किनारे और गरीबपुरवा में करोड़ों रुपए कीमत के मकान खरीदे और बनवाये, साथ ही करोड़ों रुपए कीमत की बेशकीमती जमीन और आवासीय प्लाट और कारें खरीदीं, यही नहीं, मामा ने अपने गुर्गे मोनू पाल को भी स्कोडा जैसी लक्जरी कारें खरीद कर दीं।मामा के डंक से युवा मजदूर और तमाम लोग बर्बाद हो गए, तमाम लोग सट्टे बाजों के चक्कर में पड़ कर आत्महत्या भी कर चुके हैं।चालाक मामा ने यह संपत्तियां अपने नाम से नहीं बल्कि अपने परिवार के लोगों और अपने गुर्गों के नाम से खरीदी हैं। हालिया दिनों में समाचार पत्रों और चौनलों की सुर्खियां बनने के बाद मामा अपने खास गुर्गे मोनू पाल स्कोडा समेत अन्य गुर्गों के साथ पुलिस के डर से फरार हो गया था लेकिन अब कुछ दिन फरारी काटने के बाद मामा और उसका गैंग शहर में फिर से दाखिल हो चुका है।ऐसे में अब जिम्मेदारों को बड़ा प्रलोभन देने की कोशिश की जा रही है।मामा और उसके गुर्गे जिम्मेदारों की ड्योढ़ी पर माथा रगड़ने के लिए तैयार है।ऐसे में लोगों का कहना है कि क्या पुलिस मामा के काले कारोबार को खत्म करने में अक्षम है या जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।यह प्रश्न लोगों के लिए एक पहेली बना हुआ है इसका जवाब तो मामा ही दे सकता है या फिर पुलिस। मालूम हो कि कुछ बरस पहले रेलवेगंज में रेलवे स्टेशन के निकट कौशल गुप्ता मामा पान की गुमटी लगाता था।कहते हैं कि तरक्की के लिए पढ़ा लिखा होना जरूरी होता है,मामा पढ़ा लिखा तो था नहीं लेकिन कढ़ा जरूर था।जल्द अमीर बनने की चाहत में कौशल गुप्ता मामा ने शॉर्टकट अपनाया और जरायम की दुनिया का रास्ता अख्तियार किया।लोगों को पान में कत्था और चूना लगाकर उनको स्वाद देने के लिए मशहूर मामा मटका और क्रिकेट सट्टा के काले कारोबार में उतर गया और आम जनमानस को ही चूना लगाने लगा। सूत्र बताते हैं कि सबसे पहले मामा ने जिंदपीर चौराहे से अपने सट्टे के इस काले कारोबार की बुनियाद रखी थी,जिसके बाद रेलवेगंज,नई बस्ती,अरुणा पार्क, गिप्सनगंज,झबरापुरवा,आजादनगर, धर्मशाला रोड,लखनऊ चुंगी समेत शहर के तमाम जगहों पर मामा ने सट्टे का काला कारोबार शुरू कर दिया और अपनी जड़ें जमा लीं।

## भूखंड के आवंटन में देरी करने पर यूपीसीडा को आवंटियों को 5.4 करोड़ रुपये का देना होगा ब्याज

कानपुर । उत्तर प्रदेश भू संपदा अपील ट्रिब्यूनल ने तीन अलग–अलग मामलों में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की 44 आपत्तियां खारिज कर दी हैं। भूखंड के आवंटन में देरी करने पर यूपीसीडा को आवंटियों को 5.4 करोड़ रुपये का ब्याज देना होगा। यह धन यूपीरेरा के पास जमा है,जो आवंटियों को दिया जाएगा। ट्रांसगंगा सिटी रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक द्विवेदी के मुताबिक यूपीसीडा ने दो हिस्सों में भूखंडों का आवंटन देने की बात कही थी। यह आवंटन दिसंबर 2016 और मार्च 2017 में होना था, लेकिन आवंटन में लगातार देरी की गई। 2019 में एसोसिएशन ने इस मामले में अपनी लड़ाई शुरू की। एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी अथारिटी (यूपीरेरा) में शिकायत की। यूपीरेरा ने एसोसिएशन के सदस्यों के पक्ष में फैसला दिया। इसके बाद यूपीसीडा इस मामले को लेकर ट्रिब्यूनल में चला गया। अध्यक्ष दीपक द्विवेदी के मुताबिक यूपीसीडा ने वहां पर 44 अपीलें दाखिल कीं। अब ट्रिब्यूनल ने सभी 44 अपीलें खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही ट्रिब्यूनल के लखनऊ पीठ के चेयरमैन देवेंद्र कुमार अरोड़ा ने भूखंड पर कब्जा दिए जाने की वास्तविक तिथि तक करीब नौ प्रतिशत की दर से ब्याज देने के निर्देश दिए हैं। दीपक द्विवेदी के मुताबिक 44 सदस्यों की ब्याज की राशि करीब 5.4 करोड़ रुपये है। यह राशि यूपीरेरा के पास जमा है और वह यह राशि सीधे आवंटियों को देगा।

## सूखे की संभावना के दृष्टिगत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है:राकेश कुमार सिंह

हरदोई ।उपजिलाधिकारी सवायजपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया है कि शासन की मंशा एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र में सूखे की संभावना के दृष्टिगत लेखपालों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। कार्य को गति देने के लिए आज ग्राम निजामपुर, चौधरियापुर, पिथनापुर, बसोलिया, रानीखेड़ा तथा पलिया आदि ग्रामों में लेखपालों द्वारा किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य की जाँच की गयी व कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने कार्य को जल्द पूर्ण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित नायब तहसीलदार,कानूनगो व लेखपाल मौके पर उपस्थित रहे।

# मानव सेवा के लिए रक्तदान अति आवश्यक : आरसी सिंघल

बिसवां (सीतापुर)। रक्तदान जीवन दान की तरह है। यह कार्य अत्यंत पुण्य का कार्य है। मानवता की सेवा के लिए सभी को इस कार्य मे आगे आना चाहिए। उक्त उदगार स्थानीय सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां के मुख्य अधिशाषी आरसी सिंघल ने फैक्ट्री परिसर में चीनी मिल, इनरव्हील क्लब और जेसीआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। किंग जार्ज मेडिकल कालेज द्वारा इस कार्यक्रम में कुल 72 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदानियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रंजना शुक्ला ने जल्द ही नगर मे ब्लड ग्रुप डायरेक्ट्री तैयार करने का संकल्प दोहराया। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि महिला सदस्यों कंचन गुप्ता और सुचिता गुप्ता ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब मीरा सिंघल, एकता गुप्ता, गुंजन सेठ, रेनू मेहरोत्रा, कंचन गुप्ता, निधि सिंघल, कुसुम कपूर और जेसीआई की तरफ से अध्यक्ष उत्साह राजवंशी, पूर्व अध्यक्ष उमंग राजवंशी, हिमांशु नाथ सिंह, वांचित शर्मा, अंकित बंसल, वंश मेहरोत्रा, पंकज माल्वानी और कार्यक्रम निदेशक सार्थक शुक्ल भी उपस्तिथ रहे।

## यूक्रेन की युवती की हालत में सुधार,हाथ–पैर में दिखा सेंस

कानपुर । हैलट इमरजेंसी में भर्ती यूक्रेन की युवती ओजेरोवा अलेक्जेंडर की हालत में सुधार हो रहा है। हेड इंजरी की स्थिति जानने के लिए एमआरआई और सीटी स्कैन कराया गया है। इलाज कर रहे न्यूरो सर्जरी हेड डॉ. मनीष सिंह के अनुसार सिर पर दोनों हिस्सों में क्लॉटिंग, फ्रैक्चर और दिमाग में थक्के अभी भी हैं। उसे सघन चिकित्सा में रखा गया है। होश आने लगा है और हाथ–पैर में सेंस दिख रहा है।

# एमडीएम बनाने में सुरक्षा कवच के मायने नहीं

देवरिया। सभी स्कूलों में रसोइयों को खाना बनाने और परोसने के लिए एप्रन, हेड कवर और ग्लब्स पहनने का आदेश है। इसके लिए प्रत्येक स्कूल को चार सौ रुपये भेजे गए थे, लेकिन इसको लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक गंभीर नहीं हैं। शहर से लगायत देहात तक के स्कूलों में इसका पालन नहीं हो रहा है। कई जगहों पर तो खरीदारी तक नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण के समय से ही विद्यार्थियों की सेहत का ख्याल रखते हुए मध्याह्न भोजन बनाते और परोसते समय 2380 विद्यालय में प्रत्येक एक रसोइया के लिए चार सौ रुपये की दर से बजट भेजा जाता है। इससे एप्रन, ग्लब्स, हेड कवर खरीद कर रसोइयों का देना था। इसके बावजूद खाना बनाते समय इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।

रसोइया जैसे–तैसे खाना पका कर परोसने का काम कर रही हैं। कुछ जगहों पर तीनों चीजों को बचाकर रखा गया है कि अगर किसी बड़े अफसर या मंत्री का निरीक्षण होगा तो इसका दिखाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके कारण स्कूल की आलमारी में तीनों चीजें पड़ी हुई हैं। रसोइया भी इसको लेकर गंभीर नहीं हैं क्योंकि वह मांगती नहीं है। जिला समन्वयक एमडीएम, दुर्गेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक रसोइया के लिए चार सौ रुपये एमडीएम के बजट से ही धन भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान इनको निर्देश भी दिए जाते हैं कि बिना ग्लब्स, हेड कवर और एप्रन के भोजन न पकाएं। इसके बावजूद भी उपयोग न करना गंभीर बात है।

बिना सुरक्षा कवच के भोजन परोस रहीं रसोइया: देवरिया। सुबह 10रू10 बजे शहर के देवरिया खास मोहल्ले में प्राथमिक विद्यालय में एक रसोइया खाना पका रही थीं। हेडकवर, एप्रिन और ग्लब्स नहीं लगाई थी। किचेन के कोने में पानी भरा हुआ था। भोजन पकाने के बाद उसने विद्यार्थियों को बिना सुरक्षा कवच पहने ही परोसने का काम किया। हमें मिले तो उपयोग करेंगे, पता नहीं कहां रखा गया है: देवरिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से महज चंद कदमों की दूरी पर स्वामी विवेकानंद उच्च प्राथमिक विद्यालय राघव नगर रसोईघर में तीन रसोइया मौजूद थीं। सुबह जब करीब 10रू20 बजे देखा गया कि किसी के पास एप्रन, हेड कवर और ग्लब्स नहीं था। यहां तक आलू को फर्श पर रखा गया था। रसोइयो ने बताया कि जब हमें मिलेगा तब तो हम उसका उपयोग करेंगे।

**आसमान तले भोजन पकाना मजबूरी:** देवरिया। सुबह 10रू25 बजे उच्च व प्राथमिक विद्यालय सुबिखर में किचेन न होने के कारण आसमान तले भोजन पकाते देखी गई। रसोइया निर्मला देवी, सुनीता ने बताया कि ड्रेस क्या होता है, हमें तो जानकारी तक नहीं है। हम लोगों को सुरक्षा के लिए हेडकवर सहित अन्य सामान नहीं मिले हैं।

कपरवार में मिला ही नहीं

देवरिया। सुबह 10रू30 बजे बरहज विकास खंड के कपरवार के गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में बिना एप्रन, ग्लब्स और हेड कवर के रसोइया खाना पका रही थी। कोई बताने को तैयार नहीं था कि खरीदा गया है कि नहीं। उनको तीनों सामान मिले ही नहीं हैं।

## पत्नी को भरण–पोषण का खर्च नहीं देने पर पति की जमीन हुई नीलाम

लार। पत्नी को भरण–पोषण का खर्च नहीं देने पर न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में आरोपी के भूमि की नीलामी दो लाख बत्तीस हजार रुपये में की गई। यह राशि पीड़िता को भरण–पोषण करने के लिए दी जाएगी। अभी कुछ दिन पहले पति के सामान की नीलामी की गई थी। मदनपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी पूनम चौरसिया की शादी पांच वर्ष पूर्व लार थाना क्षेत्र के बरईटोला के रामू चौरसिया से हुई थी। पत्नी पूनम ने भरण–पोषण नहीं देने का आरोप लगाते हुए परिवार न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले को संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने पति रामू को प्रतिमाह पांच हजार रुपये भरण–पोषण देने का आदेश दिया। आरोपी आदेश का पालन नहीं कर रहा था। जिसे देखते हुए न्यायालय ने आरोपी के अचल संपत्ति भूमि को नीलाम कर बिक्री हुई रकम को पीड़िता के भरण–पोषण के लिए देने का आदेश दिया। इसी क्रम में नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में भूमि की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें अधिकतम बोली नीलेश चौरसिया ने दो लाख बत्तीस हजार रुपये लगाई। मौके पर ही अग्रिम राशि के रूप में कुछ धनराशि जमा कराई गई। पूरी रकम पीड़िता को भरण–पोषण के लिए दी जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह भी मौजूद रहे। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुनील सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर भूमि की नीलामी कराई गई है। इसकी रकम पीड़िता को दी जाएगी

## फायरिंग कर पिकअप रोका, 14 बोटा सागौन जब्त

महराजगंज। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के पकड़ी वन क्षेत्र के लखिमा थरुआ गांव के सिवान में वन सुरक्षा टीम के वनकर्मियों ने सागौन लदे पिकअप को फायरिंग कर रोका और 14 बोटा सागौन बरामद किया। पिकअप चालक व उसमें बैठे व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। वन सुरक्षा टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कटहरा की तरफ से लखिमा थरुआ की तरफ पिकअप पर लकड़ी लादकर कुछ लोग ले जाने वाले हैं। इस पर टीम के प्रभारी कासिम अली, वनरक्षक हरिराम यादव व वनकर्मी राजेश यादव, अनिल व सुरेंद्र ने लखिमा थरुआ के नहर पुल पर भोर में घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। वनकर्मियों को देख पिकअप चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी व भागने लगा। टीम ने पीछा किया एवं पहिए पर फायरिंग की। पकड़े जाने के डर से पिकअप में बैठे लोग वाहन छोड़ अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। टीम ने पिकअप में 14 बोटा सागौन बरामद किया एवं लकड़ी लदे पिकअप को रेंज में लाकर खड़ा करा दिया। वाहन की चेसिस व इंजन नंबर के आधार पर उससे जुड़े लोगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी पुष्प कुमार कांधला ने बताया कि पकड़ी वन क्षेत्र के लखिमा थरुआ के पास से पिकअप समेत 14 बोटा सागौन बरामद किया गया है। मामले में अन्य विंदु की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शादीशुदा के साथ रहने के लिए प्रेमिका ने जिद की

निचलौल। थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के रहने वाले प्रेमी प्रेमिका का मामला सामने आया है। दोनों के बीच कई वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी बीच प्रेमी ने दूसरी जगह शादी भी रचा ली। इसके बाद भी प्रेमिका से उसका चक्कर चलता रहा। दरअसल, प्रेमिका अब बालिग होते ही प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई है। उधर, प्रेमी की पत्नी को जब इस बात की भनक लगी तो उसने थाने पहुंचकर इसका विरोध करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जानकारी के मुताबिक, गांव में प्रेमी व प्रेमिका का आसपास घर है। पहले भी प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर भागी थी। लेकिन, युवती के घर वालों ने जब उस समय पुलिस से शिकायत की। उस समय मामला सुलझ गया था। अब लड़की बालिग हो गई है तो वह अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद में आकर प्रेमी के घर चली गई। प्रेमी की अनुपस्थिति में उसकी पत्नी से कहा कि अब वह बालिग हो गई है और प्रेमी के साथ रहेगी। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले को सुलझाने की मांग की। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि युवक पहले से शादीशुदा है। वह पहली पत्नी के रहते बिना उसकी अनुमति के दूसरी शादी नहीं कर सकता। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर घर वापस भेज दिया गया है।

## भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने में जुटी है : पंकज

महराजगंज। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने में जुटी है। यहां दशकों से विकास का इंतजार था। विकास की योजनाओं के लिए ईमानदारी जरूरी है, जिससे धनराशि का ईमानदारी से इस्तेमाल हो। ये बातें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहीं। वह धनेवा धनेई में अपने आवास पर बैठक के दौरान सिसवां विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार की ओर से लगातार युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को खत्म कर विकास योजनाओं को धरातल पर ला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ प्रदेश भी निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है।

भाजपा जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा भारतीय जनता पार्टी मनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पूरे पखवाड़े कार्यक्रम करना है। नमो प्रदर्शनी, 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन तथा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम करना है। इस बीच रक्तदान शिविर, निशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरित करना, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, टीका केंद्रों पर स्टाल लगाए जाएंगे।

पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि कहा कि कानून–व्यवस्था की स्थिति में सुधार के कारण राज्य निवेशकों का पसंदीदा स्थान बन गया है। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि सरकार दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और किसानों के हित में काम कर रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला महामंत्री बबलू यादव, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राहुलदेव पांडेय, दीपक चौधरी, दीनानाथ सिंह, प्रमोद जायसवाल, अरुण जायसवाल, मोहन लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन निवर्तमान जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल ने किया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा जनपद में लूट व चोरी से सम्बन्धित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा गोरखपुर के निकट पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष झंगहा द्वारा एक सशक्त टीम गठित की गयी। उक्त टीम द्वारा अभियुक्तगण मनीष यादव पुत्र रामध्यान यादव निवासी जमरू थाना झंगहा जनपद गोरखपुर व जुगेश यादव पुत्र रामध्यान यादव निवासी जमरू थाना झंगहा जनपद गोरखपुर के कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना झंगहा पर मु0अ0सं0 361ध2022 धारा 411ध414ध420ध465 भादवि पंजीकृत कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही में पुलिस जुट गई।

## हेरोइन बरामदगी के मामले में तीन वर्ष आठ माह का सश्रम कारावास

महराजगंज। जनपद के नौतनवां क्षेत्र के छपवा गैस गोदाम के पास वर्ष 2019 में 15 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में अभियुक्त पिन्टू यादव को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने तीन वर्ष आठ माह के सश्रम कारावास से दंडित किया है। पांच हजार रुपये के अर्थदंड भी लगा है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बिहागढ़ सिंह यादव ने 12 मार्च 2019 को छपक्षा गैस गोदाम के पास पिन्टू यादव निवासी गौतम बुद्ध नगर, नौतनवां को 15 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया जिसे वह खुद पीने व बेचने के लिए रखा था। जिस पर थाना नौतनवां मे केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर विवेचक द्वारा आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विशेष अभियोजन अधिकारी राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाहों का बयान दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर यह सजा सुनाई है।

## नेपाल के सीमावर्ती गांव में एसडीएम के छापेमारी में 80 बोरी गेहूं बरामद, कोटेदारों में मचा हड़कंप



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली। नौतनवां।नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली क्षेत्र के ग्राम शेष फरेंदा के टोला करमहिया में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र ने पुलिस के साथ एक गोदाम पर छापेमारी की। छापेमारी में 80 बोरी गेहूं की बरामदगी हुई, जिसे एक कोटेदार का बताया जा रहा है। एसडीएम ने गोदाम को सील करा दिया है। मौके से दो लोग हिरासत में लिए गए हैं।एसडीएम ने तस्करी के गेहूं डंप होने की सूचना के आधार पर सोनौली पुलिस के साथ इस गोदाम में जब छापेमारी की तो मौके से खाद्यान्न विभाग की बोरी में रखें 80 बोरी गेहूं की बरामदगी हुई। जांच के दौरान उक्त गोदाम गांव के ही एक व्यक्ति का बताया गया। मकान मालिक ने बताया कि गांव के कोटेदार को गोदाम के लिए कमरा दिया है। कोटेदार के गोदाम से गेहूं बरामद होने के बाद से ही मामला और गरमा गया। आशंका जताई जा रही है कि तस्करों की मिलीभगत से कहीं गेहूं को नेपाल ठिकाने तो नहीं लगाया जा रहा था। पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए एसडीएम ने आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया है।एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त गोदाम में छापेमारी की गई। गोदाम से 80 बोरी गेहूं बरामद हुई है। गोदाम को सील कर दिया गया है। गेहूं सरकारी बोरी में मिली है, जिसकी जांच के लिए आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया गया है। कोटेदार से जुड़ा हुआ मामला है। मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच कराई जा रही है।

### लेनदेन की डायरी मिलने से मचा हड़कंप

*एसडीएम की छापेमारी के दौरान लेनदेन की एक डायरी मिलने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इसमें लेनदेन के जिक्र में कई नाम हैं, जिसमें कुछ विभागों का भी जिक्र बताया जा रहा है। एसडीएम का कहना है कि डायरी की बरामदगी हुई है और उसमें कुछ नाम भी लिखे गए हैं। लेकिन उसकी वास्तविकता जांच के बाद ही आ सकती है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।*

# तीन सौ करोड़ खर्च तो मरीजों को क्यों नहीं मिल रहीं सुविधाएं: नोडल अधिकारी

देवरिया। जिले के नोडल अधिकारी व ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने .करीब एक घंटे 45 मिनट तक मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान कमियां मिलने पर नाराजगी जताई तथा उसमें सुधार करने के निर्देश दिए। सवालों का जिम्मेदार जवाब नहीं दे सके।

कहा कि तीन सौ करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं। व्यवस्था को ठीक कर मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों को किसी भी स्थान पर घंटों इंतजार न करना पड़े। वहीं, पार्वतीपुर के चकाचक प्राथमिक स्कूल को दिखाकर खामियों को छिपाने का भी अफसरों ने काम किया है।

नोडल अधिकारी का काफिला जिला अस्पताल में पहुंचा। पहले से मौजूद प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल, सीएमओ डॉ. राजेश झा, प्रभारी सीएमएस डॉ. आरके श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा ने उनका स्वागत किया। नोडल अधिकारी ने प्राचार्य से बात की। इसके बाद बढ़े और लंबी कतार देख दवा वितरण काउंटर पर पहुंच गए।

बताया गया चार काउंटर बनाए गए हैं। नोडल अधिकारी ने कहा कि दवा लेने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़े यह ठीक नहीं है। यहां बैठने की व्यवस्था न देख उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि भीड़ वाले स्थान पर ऐसी व्यवस्था की जाए कि मरीजों को देर तक प्रतीक्षा न करनी पड़े। सरकार मरीजों की सहूलियत के लिए धन खर्च कर रही है। उन्हें इलाज में आसानी होनी चाहिए। प्राचार्य ने बजट की अनुपलब्धता से खरीदारी में दिक्कत की बात कही। नोडल अधिकारी के पूछने पर बताया गया नान सेलरी बजट में होने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि निर्देश का पालन करें।

उन्होंने बगल की दीवार पर लगी काई को देकर कहा कि छत पर पानी लगने के कारण सीलन पर हो रही है। इस पर ध्यान दिया जाए। साथ ही गंदगी, नीचे जाम नाली को दिखाया और जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए। कुछ दूरी पर खड़े ठेला के बारे में पूछा और व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया। सफाई के लिए ठेकेदार पर जुर्माना लगाया। यहां सभी दवा न मिलने की शिकायत पर कहा कि मरीजों को फ्री में दवा देनी है। डीएम व सीडीओ को दवा की कमी के बारे में जानकारी दी जाए। जो कमी है उसे दूर कर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

इसके बाद पुराने भवन में प्रवेश करते ही बंद कंप्यूटर व बलगम कक्ष के बारे में पूछा और खोलने के लिए कहा, लेकिन चाबी न उपलब्ध होने के कारण वह बगल में शुल्क काउंटर पर पहुंचे, जहां शुल्क की सूची न होने पर बिफर पड़े, उन्होंने तत्काल लगवाने के निर्देश दिए।

इसके बाद लिपिक कार्यालय कक्ष को देखा। उन्होंने कहा कि कार्यालय को भू तल से प्रथम मंजिल पर स्थापित करने के निर्देश दिए। ग्राउंड फ्लोर के कमरों का उपयोग मरीजों की सुविधा के लिए किए जाएं। यहां से आयुष्मान कक्ष में पहुंचे, जहां रखी मशीन व कागज का बंडल देख नाराजगी जताई और उसे हटाने को कहा। खिड़की पर खड़े युवक से पूछा तो बताया कि नाम को ठीक कराने आया है। कर्मचारी ने बताया कि काफी कार्ड पेंडिंग हैं। उन्होंने सीडीओ से ठीक कराने को कहा। कर्मचारी व चालक के बकाया मानदेय का भुगतान आरकेएस के पैसे से करने को कहा।

यहां से दवा वितरण कक्ष का जायजा लिया। दवा की छोटी पर्ची ठीक से न रखे जाने पर भड़के और ठीक से मिलान न होने की बात कही। उन्होंने सुधार लाने को कहा। बैग, आलमारी पर गत्ता रखे देख ठीक करने को कहा। फ्रीज के बारे में पूछा तो बताया गया ऐसी दवा नहीं है, जिसे फ्रीज में रखनी पड़े।

इसके बाद दवा भंडार कक्ष पहुंचे। बाहर लगा डिस्प्ले बोर्ड अपडेट न होने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने बोर्ड को हर दिन अपडेट करने तथा मरीजों की सुविधा के लिए बाहर लगाने के निर्देश दिए। स्टोर में डीबीडीएमएस देखने को कहा तो बताया कि कंप्यूटर लगे कुछ दिन हुए हैं। अभी वाईफाई का कनेक्शन नहीं हुआ। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब खारिज नहीं होगा तो दवा की जानकारी नहीं होगी। कैसे डिमांड होगी। उन्होंने जल्द व्यवस्था ठीक कराने के निर्देश दिए।

वह आगे बढ़े तो जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र को हटाने के निर्देश दिए। उसके बगल में स्थित जेई जांच लैब को सेंट्रल लैब में शिफ्ट करने के लिए कहा। इसके बाद मैटर्न कक्ष से होते हुए बढ़े तो बाथरूम बंद मिलने पर मरीजों के लिए खोलने के निर्देश दिए। ओटी में ऑपरेशन चल रहा था। उन्होंने बाहर ड्रेसिंग के लिए बैठे लोगों से पूछा तो वे व्यवस्था से अपने को संतुष्ट बताए। यहां से एक्सरे कक्ष में पहुंचे, जहां मशीन व कार्य के बारे में जानकारी तथा पोर्टेबल एक्सरे मशीन के बारे में पूछा। बताया गया कि प्रिंटर न होने से मशीन का पूरी तरह उपयोग नहीं हो रहा है। प्रिंटर खरीद कर मशीन चालू करने के निर्देश दिए। यहां से ड्रेसिंग कक्ष में पहुंचे, जहां रख–रखाव ठीक करने तथा स्ट्रेलाइजेशन पट्टी और बेहतर सफाई रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि अभी शिफ्ट किया जा रहा है। इसके बाद नोडल अधिकारी नए भवन स्थित ओपीडी पहुंचे। पर्ची काउंटर व ओपीडी में बैठने की समुचित व्यवस्था न देख उन्होंने कार्यदायी संस्था के एक्सईएन से फर्नीचर खरीदने के लिए बचे 18 करोड़ रुपये प्राचार्य को ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। आगे बढ़े तो शौचालय बंद देख ताला खोलवाने को कहा, लेकिन चाबी ही नहीं मिली। वह आश्चर्य व्यक्त करते हुए आगे बढ़े। मेडिसिन विभाग के सामने मरीजों की भीड़ थी। डॉक्टर कक्ष में चिकित्सकों से मरीजों की जानकारी ली। ग्लब्स, मरीजों के लिए स्टूल, महिला मरीजों की जांच के लिए व्यवस्था ठीक नहीं होने, बेसिन पर तौलिया, साबुन, टंग फ्रेशर, टार्च न होने पर सवाल खड़े किए और सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बगल में एसआर कक्ष में सफाई ठीक कराने तथा मरीज के पंजीकरण का रजिस्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी ने दंत विभाग में चिकित्सक से संसाधन, मरीज की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इलाज के लिए एकाग्रता जरूरी है। विभाग को भीड़ से हटकर ऊपरी मंजिल पर शिफ्ट करने तथा पांच मरीजों के इलाज के लिए पांच कुर्सी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। टीवी व चेस्ट विभाग में मरीजों की जांच का टेबल और बड़ा होने तथा रखी आलमारी हटाने के निर्देश तथा गंदी चादर देखकर उसे बदलने के बारे में पूछा तो बताया गया कि दो से तीन दिन में चेंज होता है।

यहां से ईएनटी विभाग को देखे। सर्जरी विभाग में मरीज के एग्जामिन की व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिए। हड्डी के पास खाली कमरे में खुली तार देख नाराजगी जताई। अन्य दो खाली पड़े कमरों को देखा। यहां बाथरूम खुले थे। ओपीडी में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने से लोग फर्श पर बैठे थे।

इसके बाद नोडल अधिकारी ने प्रथम तल पर बन रहे वार्ड को देखा तथा पांचवीं मंजिल तक की जानकारी ली। वीआईपी वार्ड के बारे में पूछने पर बताया गया कि अटैच बाथरूम नहीं है। उन्होंने भवन में लगे चार लिफ्ट को जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। इसके बाद रवाना हो गए।

नहीं मिली पूरी दवा

नोडल अधिकारी दवा काउंटर पर मौजूद थे। इसी बीच रुद्रपुर क्षेत्र के जमुनहीं निवासी शिवानंद त्रिपाठी ने शिकायत की कि वह पत्नी वधुधा त्रिपाठी का इलाज कराए थे। पर्ची पर लिखी दवा नहीं मिल रही है। अधिकांश मरीजों को पैरासिटामाल, आयरन, कैल्सियम की दवा ही दी जाती है। पूछने पर डांट कर भगा दिया जाता है। उन्होंने प्रभारी सीएमएस से दवा की उपलब्धता के बारे में पूछा और सभी दवाएं मरीजों को देने के निर्देश दिए।

साहब ठीक नहीं मिलता भोजन

नोडल अधिकारी से खुखुंदू के नरायनपुर निवासी रघुवंश ने कहा कि वह नाती शिवम तिवारी को लेकर भर्ती हैं। साहब अस्पताल में भोजन ठीक नहीं मिला। एक रोटी, आलू की सब्जी, पतली दाल मिलती है। डाइट ठीक नहीं है।

होम्योपैथिक कक्ष के कार्य को सराहा

नोडल अधिकारी होम्योपैथिक कक्ष में पहुंचे तो चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने दवा, इलाज के बारे में पूछा। बताया कि प्रतिदिन डेढ़ सौ मरीजों का इलाज होता है। उन्होंने एक मरीज से पूछा तो वह संतुष्ट दिखा। इस पर उन्होंने चिकित्सक व कर्मचारियों के कार्य की सराहना की।

प्रचार सामग्री देख बिफरे नोडल अधिकारी

नोडल अधिकारी मेडिसिन विभाग के कक्ष–दो में पहुंचे तो एसआर मौजूद थे। वह चिकित्सक के मेज और डस्टबिन में प्राइवेट कंपनियों की प्रचार सामग्री देख बिफर पड़े। कहा कि प्राइवेट दवा के प्रचार के कक्ष नहीं बनने चाहिए। इस पर रोक लगाई जाए।

स्ट्रेचर न मिलने पर सहारा देकर मरीजों को ले गए परिजन

नोडल अधिकारी का निरीक्षण चल रहा था। वह प्रथम मंजिल पर मौजूद थे। इधर, शहर के साकेत नगर मोहल्ले की साठ वर्षीया सावित्री देवी के पैर का प्लास्टर कराने के बाद परिजन कंधे का सहारा देकर किसी तरह सड़क पर वाहन तक ले गए। उनके पति रामविलास यादव ने कहा कि फिसल कर गिरने से पत्नी सावित्री के बाएं पैर की हड्डी टूट गई है। आया तो आधार कार्ड जमा करने के बाद भी स्ट्रेचर नहीं मिला। आज प्लास्टर कराने के बाद स्ट्रेचर की तलाश की, लेकिन नहीं मिला।

# बाबू जगदेव प्रसाद के सपनों का भारत बनाने को आगे आए :सुषमा मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रविवार को रावर्ट्सगंज के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में अमर शहीद भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने बाबू जगदेव प्रसाद के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद जी बिहार के जहानाबाद जिले के कुर्था प्रखंड के कुरहारी गांव के एक साधारण परिवार में पैदा हुए थे बचपन से ही निर्भीक , निडर , साहसी रहे । बाबू जगदेव जी 1967 में अन्याय , अत्याचार , शोषण के विरुद्ध आंदोलन छेड़ दिया जो पूरे देश में फैल गया जिसकी चर्चा दुनिया के अन्य देशों में होने लगी । 1967 में शुरू किए गए आंदोलन के दम पर 1972 में सरकार बना लिए । समाज को जातियों में नहीं बल्कि दो वर्गों में बांटा पहला शोषित वर्ग दूसरा शोषक वर्ग व बाबू जगदेव ने ऐलान कर दिया कि जिस लड़ाई की बुनियाद मैं डाल रहा हूं यह लड़ाई लंबी चलेगी जिसमें पहली पीढ़ी मारी जाएगी दूसरी पूरी जेल जाएगी तीसरी पीढ़ी हुकूमत में होगी अंततोगत्वा जीत होकर रहेगी । शोषित बनाम शोषक आंदोलन से तत्कालीन केंद्र सरकार बाबू जगदेव प्रसाद से घबराने लगी थी जिससे साजिश के तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री के इशारे पर एक सत्याग्रह के दौरान 5 सितंबर 1974 को बाबू जगदेव प्रसाद को एक पुलिस अधिकारी ने गोली मारी और वे शहीद हो गए । बाबू जगदेव जी की चाहत थी कि देश के बहुसंख्यक आबादी वाले मेहनत कश कमेरा समाज के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार भेदभाव समाप्त होना चाहिए उन्हें सम्मान भरा जीवन जीने का अधिकार मिले एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में में संख्या के अनुपात में हिस्सेदार मिले जो शासक वर्ग को सहन नहीं हो पा रहा था । आज जरूरत है बाबू जगदेव प्रसाद के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को आगे आकर उनके आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत है । जब तक जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं कराया जाएगा तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता बाबू जगदेव प्रसाद जी के अधूरे सपने , जिसकी जितनी संख्या भारी – उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात करने वाले नेतृत्व के साथ खड़ा होने का वक्त आ गया। है अति विशिष्ट अतिथि एच0 आर0 मौर्य सीनियर मैनेजर कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद जी की चाहत रही थी जो अमीर और अमीर एवं गरीब और गरीब होता जा रहा है इससे देश की अधिकतम पूजी कुछ लोगों के हाथों में इकट्ठा हो जाएगी जिससे बहुसंख्यक समाज भिखारी हो जाएगा जो देश हित में नहीं है। मुख्य वक्ता गणेश प्रसाद भारती जिला पंचायत चंदौली ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद जी सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन के लिए आंदोलन कर रहे थे , वह आंदोलन जिसके लिए था वह तो समझ नहीं पाया परंतु जिसके विरूद्ध था वह पहले समझ गया जिससे बाबू जगदेव प्रसाद जी को अपनी जान गंवानी। अंत में कार्यक्रम आयोजक डा0 भागीरथी सिंह मौर्य ने शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आए हुए लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रद्धांजलि सभा को जिला पंचायत सदस्य मालती देवी , आदित्य मौर्य, किशोरी सिंह संतोष कुमार पटेल , डा0 ओ पी मौर्य, डा0 जे0 के0 मौर्य ,रामनारायण प्रजापति , पिंटू लाल कुशवाहा, मंगला प्रसाद मौर्य,रितेश गुप्ता,डा0 संजय कुमार सिंह ,सत्यनारायण गौण , रामऔतार चौहान बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित किया। कार्यक्रम में बलवंत सिंह ,मोतीलाल, प्रदीप , गिरजा प्रसाद, चंद्रमा सिंह, श्रीकृष्ण, लक्ष्मण प्रसाद, बलीराम मौय।,जय सिंह ,रामराज बिंद,बिनोद कुमार , सुनील कुमार,अनिल कुमार सिंह,प्रदीप चौहान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षतता सुमन्त सिंह मौर्य एवं संचालन रविरंजन शाक्य ने किया।




# भाजपा की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की एक आवश्यक बैठक भाजपा जिला कार्यालय रावटसगंज पर रबिवार दोपहर 1. 00 बजे आहूत की गई है बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के महामंत्री व जिला प्रभारी सोनभद्र अशोक चौरसिया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि(मंत्री,सांसद,विधायक),निवर्तमान जिला अध्यक्ष, निकाय चुनाव के जिला संयोजक, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, चेयरमैन, मोर्चो के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री सोशल मीडिया व आई टी विभाग के जिला संयोजक की उपस्थिति अनिवार्य है ।इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी

# सोनभद्र से बृजेश सिंह करेंगे नेशनल आईसीटी अवार्ड में प्रतिभाग



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।बेसिक शिक्षा परिषद सोनभद्र में सेवारत शिक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवा सोनभद्र जनपद से राष्ट्रीय आईसीटी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस बार आप जनपद से इकलौते प्रतिभागी हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर जनपद सोनभद्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। बता दें कि वी के सिंह पूर्व में राज्य स्तर पर आईसीटी पुरस्कृत शिक्षक हैं ।वर्तमान समय में इंफॉर्मेशन ऑफ कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी का प्रयोग विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

इसके माध्यम से डॉक्टर बृजेश मोबाइल क्लास कौन लगाएगा शतक ऑनलाइन प्रतियोगिता डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन कर रहे हैं जिनसे सभी लाभान्वित हो रहे हैं। यह निरंतर नवाचार करते रहते हैं। और आगे बताया कि हमें अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए और वही मैं कर रहा हूं।

# भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह सफल हो रही: वंशीधर देव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद सोनभद्र में भारत जोडो यात्रा को लेकर कांग्रेस विधि विभाग की बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राम राज सिंह गौड़ उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री गौड़ ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जो यात्रा निकाली जा रही है उसी तर्ज पर जनपद सोनभद्र में भी भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी। आज देश में चारों तरफ भाईचारा बुरी तरह बिगड़ गया है। आज देश के नागरिक अपने देश में ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी जाति और धर्म के लोगों को साथ लेकर चल सकती है। निगम मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा 3 दिन के अंदर इतनी सफल रही की बीजेपी और आरएसएस अनाप–शनाप कांग्रेस को बोलना शुरू कर दिए। बीजेपी सरकार मीडिया से लेकर सारे संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा कर चुकी है बावजूद इसके राहुल गांधी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो तानाशाही सरकार की खुलेआम सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ही इन अंग्रेजों के गुलामों से देश को पुनः आजाद कराएगी। कर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह सफल हो रही है। बीजेपी सरकार राहुल गांधी के पीछे हाथ धोकर पड़ी है लेकिन ईमानदार व्यक्ति का कुछ नहीं कर पा रही है ।आर पी चौधरी ने कहा कि भारत को स्वतंत्र हुए करीब 76 वर्ष हो गए हैं लेकिन आज इस देश के लोग परतंत्रता में जी रहे हैं। मोदी सरकार सिर्फ दिखावे में लगी है जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं कर रही है। कांग्रेस ने जो बनवाया है उसी को बेचकर देश चला रही है। मोदी सरकार राष्ट्रवाद के नाम पर देशवासियों को भ्रमित करने का निरंतर कार्य कर रही है। नाम बदलने से व्यवस्था नहीं बदल जाती लोगों को रोजगार नहीं मिल जाता। बैठक में विचार मंच के जिलाध्यक्ष विशिष्ट चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश धर द्विवेदी, सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री लालता प्रसाद पांडे, आशीष शुक्ला, सेवादल के शहर अध्यक्ष श्री शैलेंद्र चतुर्वेदी, लल्लू राम पांडे, अमरेश देव पांडे, मंजू देवी, स्वतंत्र साहनी, कमलेश कहार, पूर्व जिला महामंत्री गुलाब तिवारी, अखिलेश दत्त मिश्रा, अनिल कुमार मिश्र, राजू सोनी, आशीष शुक्ला, निगम मिश्रा, वंशीधर पांडे, शिव मूरत विश्वकर्मा, सलीम खान, विटुली गौड़, निर्मला भारती, इस्लाम, पारस गोड़, अभय गोंड, नंदलाल, विक्रम, मनोज, जयशंकर भारद्वाज, सलीम खान, नागेंद्र देव पांडे, बाबूलाल पनिका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर शिव प्रसाद यादव ने किया।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा सेवा सप्ताह मनाएगी

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजनों के द्वारा सम्पन्न होगे कार्यक्रम:त्रयंबक तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अटल भवन भाजपा कार्यालय तुलसीपार्क में जिले के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर,18 निरूशुल्क स्वास्थय परीक्षण,19 सितम्बर को मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शनी,20,21 सितम्बर को स्वच्छता अभियान,22 सितम्बर को जल ही जीवन जागरूकता अभियान,23 सितम्बर को वोकर फार लोकल,24 सितम्बर को कृत्रिम अंग एंव उपकरण वितरण कैम्प,25 सितम्बर को पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती,मन की बात,पुष्पांजलि एंव गोष्ठी,26 सितम्बर को विविधता में एकता,27 सितम्बर को शुभकामना एंव अभिन्नदन पत्र,28 सितम्बर को प्रबुद्वजनध्बुद्विजीवी सम्मेलन, 29 सितम्बर को कोविट टीकाकरण केन्द्रो पर स्टाल,30 सितम्बर को टी बी मुक्त राष्ट्,1 अक्टूबर को वृक्षारोपण,2 अक्टूबर को गॉधी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ।भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री एंव जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कल्याणकारी कार्यो के साथ सेवा का कार्य भी करती है सभी कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर करने निर्देश दिया। बैठक में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह,चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू,जिला उपाध्यक्ष रामकरण मिश्र,जनमेजय सिह,रमेश जायसवाल,जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू,रवि ,मिश्र,बिन्दूविश्वकर्मा,जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरूण,सुनीता मिश्र,जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ललिता तिवारी,युवा मोर्चा जिलख अध्यक्ष संदीप वर्मा, अल्पसंख्क मोर्चा जिलाध्यक्ष जमील अहमद पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष दुश्यंत वर्मा,अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव कुमार बाल्मिकी जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,डॉ अजय सिंह पिकू,एंव मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी ने भाग लिया।




बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# महाविघ्नेश्वर पूजा समिति ने किया सम्मानित



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। महाविघ्नेश्वर पूजा समिति घोरावल के तत्वाधान में शनिवार की रात नगर के श्रीरामेश्वर रामलीला मंच पर पूजा समिति के सदस्यों समेत गणमान्य लोगों का स्वागत अभिनंदन किया गया। नगर के श्रीरामेश्वर रामलीला मंच पर चार दिवसीय पूजा संपन्न हुई। उसके उपरांत गणेश प्रसाद का आयोजन हुआ। जिसमें भंडारा व प्रसाद वितरण से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के वरिष्ठ लोगों समेत पूजन कार्य में तन मन धन से लगे हुए समर्पण के भाव से लगे हुए लोगों का मंच पर बारी–बारी से तिलक लगाकर अभिनंदन करते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। घोरावल नगर के श्रीरामेश्वर रामलीला मंच पर सांगठनिक विषयों, धर्म व संस्कृति के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई ।इसके साथ ही बीते दिनों आयोजित श्रीगणेश पूजन एवं विराट हिंदू महोत्सव को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं तथा कार्यक्रम कवरेज करने वाले मीडिया बन्धुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार की फोटो पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा का पाठ कर किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के विभाग संयोजक राजीव कुमार ने कहा कि धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज एवं धर्म के प्राण होते हैं। धर्म व संस्कृति की रक्षा करना बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य है। गौ माता, गंगा, गीता की रक्षा करने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। कहा कि हमारी सनातन संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानता है। सनातन धर्म ने हमेशा मानव, जीव, पशु, पक्षी सबके कल्याण की कामना की है। वह दिन दूर नही जब भारतवर्ष एक बार फिर विश्व गुरू के रूप में समस्त संसार का मार्गदर्शन करेगा। इस अवसर पर पंडित विनय शुक्ला, बाबूलाल शर्मा, जयप्रकाश सेठ, शिप्पू अग्रहरि, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, अमरेश चन्द्र, राजेंद्र अग्रवाल, विजय अग्रहरि,अभिषेक गुप्ता को समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने अंगवस्त्रम, कलम, डायरी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सम्मानित होने वाले अन्य लोगों में अम्बरीश सिंह, अनूप उमर, कृष्ण कुमार किसानु, कैलाश बैसवार, शुभम लाला, दिव्यांश अग्रहरि,रंजीत पटेल, गोविंद, बब्बू, नंदलाल, कुश वर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक बनाओ अभियान के बैनर तले बैठक की गई



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर ।सदर विकासखंड के गौरा चौराहा स्थित श्री हनुमानगढ़ी मंदिर पर युवा विकासवादी संघर्ष मंच द्वारा गौरा को ब्लॉक बनवाने के संबंध में गौरा ब्लॉक बनाओ अभियान के बैनर तले बैठक की गई और बैठक में ग्राम पंचायत प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़कर प्रशासन तक अपनी मांग को किस माध्यम से रखा जाए इस बात पर चर्चा की गई ।इस बैठक में संगठन मंत्री मंजूर अहमद फजलू जी ने बैठक की कार्यवाही शुरू की संस्थापक अनिल शर्मा ने ब्लाक से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से बताया अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने संगठन विस्तार करते हुए कुछ अतिरिक्त पदाधिकारियों को नियुक्त किया ।संगठन ने टोलियां बनायीं जिनको प्रत्येक गांव में लोगो को जागरूक करते हुए हस्ताक्षर करवाना है ।उक्त बैठक में संरक्षक देव नारायण मिश्र, अध्यक्ष सुनील शुक्ला, महासचिव सुधीर वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम उग्गर यादव, उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला अमित मिश्रा, अनूप तिवारी, महामंत्री कमलेश यादव, संगठन मंत्री मंजूर अहमद सिद्दीकी ,कोषाध्यक्ष शिव कुमार जायसवाल, सचिव अश्वनी कुमार तिवारी, मंत्री संदीप शर्मा, सूचना प्रमुख अमन गुप्ता, मनीष मिश्रा, मीडिया प्रभारी मुर्सलीन सिद्दीकी, कार्यक्रम प्रमुख विजय तिवारी संगठन प्रभारी सतीश जायसवाल ,उमेश सिंह, नयाब शर्मा, संगम लाल, शुभम, सौरभ, अमित, सहित बहुत से स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# अनगिनत फायदे पहुंचाता है लौंग, जानें सेवन से किन समस्याओं का होगा निवारण

लौंग एक लोकप्रिय मसाला है जिसका इस्तेमाल भारतीय भोजन में बहुत किया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर लौंग का सेवन करने से सेहत को कई प्रकार के लाभ मिलते है। प्राचीन समय से ही भोजन के स्वाद को बढ़ाने से लेकर कई तरह की दवाइयों के निर्माण तक में लौंग का इस्तेमाल लिया जाता रहा है। लौंग में विटामिन सी, फाइबर, प्रोटीन, मिनरल्स के साथ एंटीऑक्सिडेंट भी भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जो सेहत पर प्रभावी होते हैं। आप साबुत लौंग और इसके निकाले गए तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि लौंग के सेवन से किन समस्याओं का निवारण किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं...

इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में फायदेमंद

इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए लौंग का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

स्पर्म काउंट बढ़ाए

लौंग पुरुष स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। लौंग का सेवन करने से स्पर्म काउंट बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन आपको इसका सेवन सीमित मात्रा में या डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। अधिक मात्रा में लौंग खाने से टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन गड़बड़ा जाता है। टेस्टोस्टेरॉन एक मेल



हार्मोन है। पुरुष अपनी स्टैमिना बढ़ाने के लिए भी लौंग का सेवन कर सकते हैं।

दांतों के लिए फायदेमंद

लौंग में एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं। ये बुरे बैक्टीरिया के विकास को रोकने में मदद करते हैं। इसी वजह से ये ओरल हेल्थ में मददगार साबित होते हैं। इससे दांत दर्द में भी आराम मिलता है। आप मुंह में दर्द वाली जगह पर कुछ मिनट के लिए एक लौंग रख सकते हैं। ये दर्द से राहत दिलाने का काम करता है। अगर हर्बल टूथपेस्ट में इस्तेमाल किया जाए तो ये प्लेग और दांतों की सडन को खत्म करने में मदद कर सकता है।

पेट से जुड़ी समस्या को दूर करने में फायदेमंद

पेट से जुड़ी समस्या को दूर करने के लिए लौंग का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। साथ ही ये पेट से जुड़ी समस्या को दूर करता है।

बैक्टीरिया से बचाने में सहायक

लौंग में रोगाणुरोधी गुण पाए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ये बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों के विकास को रोकने में मदद कर सकता है। टेस्ट–ट्यूब अध्ययन से पता चलता है कि लौंग के तेल में ई. कोलाई सहित कई अन्य बैक्टीरिया को मारने का गुण होता है। यह फूड पॉइजनिंग का कारण बनने वाले बैक्टीरिया से भी आपको सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा लौंग के जीवाणुरोधी गुण मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकते हैं, जिससे दांतों–मसूड़े की बीमारी का जोखिम कम हो जाता है।

यौन संबंधी समस्याएं दूर करे

आयुर्वेदाचार्य यौन संबंधी समस्याओं से परेशान पुरुषों को लौंग खाने की सलाह देते हैं। रोजाना तय मात्रा में लौंग खाने से पौरुष संबंधी दिक्कतें दूर होती हैं। अगर आपको भी यौन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो रोज सुबह खाली पेट 3–4 लौंग गुनगुने पानी के साथ ले सकते हैं। लौंग में मौजूद तत्व पुरुषों के स्टैमिना को बढ़ाने में मदद करते हैं।

सिर दर्द से राहत दिलाने में फायदेमंद

सिर दर्द से राहत पाने के लौंग का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग यूजेनॉल मौजूद होता है जो सिर दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है। इसलिए सिर दर्द से राहत पाने के सिर पर लौंग का तेल लगाएं।

लिवर की सेहत के लिए फायदेमंद

अध्ययनों से पता चलता है कि लौंग में पाए जाने वाले फायदेमंद यौगिक, लिवर के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। लौंग में पाया जाने वाला यूजेनॉल यौगिक लिवर की सेहत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है। फैटी लिवर के शिकार चूहों को लौंग देकर उनमें लिवर के सूजन को कम करने में मदद मिली। एक अन्य पशु अध्ययन से पता चलता है कि लौंग में पाए जाने वाला यूजेनॉल यौगिक लिवर सिरोसिस या लिवर स्केरिंग के खतरे को भी कम करने में मदद कर सकता है।

मुंह की दुर्गंध को दूर करने में फायदेमंदः मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए लौंग का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग एक बेहतरीन माउथफ्रेशनर है जो मुंह की दुर्गंध । को दूर करने में मदद करता है। इसलिए मुंह की दुर्गंध को दूर करने लौंग का सेवन जरूर करें।

## जल्द ही हिंदी मूवीज में वापसी करने जा रही है लॉरेन


लॉरेन गॉटलिब अपनी जबरदस्त डांसिंग स्किल्स के कारण से एक पापुलर नाम बन चुकी हैं। लॉरेन यूएस डांस रिएलिटी शो सो



यू थिंक यू कैन डांस में कंटेस्टेंट के रूप में शोबिज में आ चुकी है। जिसके उपरांत उन्हें उनकी किस्मत इंडिया ले आई और इसके उपरांत इस देश में भी उन्होंने अपने डांस से धूम हंगामा मचा दिया है। लॉरेन ने बतौर डांसर कम एक्टर एबीसीडी के साथ फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश कर लिया है। जिसके उपरांत वो मूवी के सीच्ल में दिखाई दी। अब जल्द ही लॉरेन एक और मूवी दिखाई दे चुकी है। वैसे खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस लॉरेन कई प्रोजेक्ट्स का भाग रह चुकी हैं। लेकिन जिसके उपरांत वो काम से कुछ वक्त का ब्रेक लेकर स् लौट गई थी क्योंकि वो खुद पर और अपनी मेंटल हेल्थ पर फोकस करना चाह रही थी। हालांकि इस बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से अपने सभी फैन्स को एंटरटेन करना जारी रखा। लॉरेन ने फैन्स के लिए कई कमाल की डांस रील्स बनाई इसमें वो एलए की स्ट्रीट्स पर बॉलीवुड के गानों पर डांस करती नजर आने वाली है। अब फाइनली एक बैंग के साथ लॉरेन इंडिया लौट आई हैं और उनके पास कुछ प्रोजेक्ट्स भी पाइपलाइन में हैं।

इस डेवलेपमेंट से जुड़े एक क्लोज सोर्स ने खुलासा कर दिया है कि लॉरेन गॉटलिब ने अपनी अगली बॉलीवुड मूवी जल्द साइन करने जा रही है। सोर्स का कहना हैं, लॉरेन एक फैमिली एंटरटेनर के लिए एक बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ वार्ता कर रही है। मेकर्स एक ऐसा चेहरा चाहते थे जो ग्लोबल अपील रखता हो और लॉरेन इस रोल में एकदम फिट बैठती है। अभिनेत्री फिलहाल मेकर्स के साथ वार्तालाप कर रही हैं और उनहोंने अभी तक इस पर साइन नहीं किया है। लेकिन ऐसा लगता है कि यह जल्द डील फाइनल होती दिख रही है और फिर इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दिया है। लॉरेन कुछ महीने पहले ही यूएस से इंडिया लौटी थी और इसके उपरांत वो काम की तलाश में थी और अब ऐसा लग रहा था कि चीजें जल्द ही फाइनल होने वाली हैं।

## जुग जुग जियो का दूसरा भाग बनेगा, फिल्ममेकर राज मेहता ने की पुष्टि




वरुण धवन और कियारा आडवाणी की जुग जुग जियो को फैंस ने पसंद किया था। यह फैमिली ड्रामा फिल्म 24 जून को बड़े पर्दे पर आई थी। इसे करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया था। इसका निर्देशन राज मेहता ने किया है। अब राज ने इस फिल्म के सीक्वल जुग जुग जियो 2 पर अपनी मुहर लगा दी है। राज ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे भाग के बनने की पुष्टि की है।

राज ने इंस्टाग्राम स्टोरी में जुग जुग जियो 2 को लेकर प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, जुग जुग जियो के अभिनेता मनीष पॉल ने आस्क मी एनी थिंग सेशन का आयोजन किया था। इस सेशन में एक व्यक्ति ने उनसे पूछा कि जुग जुग जियो 2 कब आ रहा है? इस पर अभिनेता ने कहा, यह राज मेहता ही जानते हैं। फिर मनीष को जवाब देते हुए राज ने लिखा, सब कुछ तैयार है, गुरप्रीत सर की डेट ही प्रॉब्लम है।

बता दें कि फिल्म जुग जुग जियो में मनीष गुरप्रीत की भूमिका में दिखे हैं। राज के कमेंट पर मनीष ने आगे लिखा, मेरी डेट्स? ये सब आप ही के लिए है। तिजोरी में रखी बियर तो नहीं पी गए?


फिल्म उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई। इस फिल्म ने भारत में करीब 85 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन का जबरदस्त तड़का लगाया गया है। यह फिल्म कभी हंसाती है, तो कभी दर्शकों को भावुक कर देती है। फिल्म में वरुण (कुक्कू) और कियारा (नैना) की शादी टूटने की कगार पर है। इसमें रिश्तों को बचाने की जद्दोजहद दिखाई गई है। नीतू कपूर और अनिल कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

जुग जुग जियो हाल में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। अमेजन प्राइम के सब्सक्राइबर्स भारत सहित 240 देशों और क्षेत्रों में फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। यह उन लोगों के लिए सुनहरा मौका है, जिन्होंने सिनेमाघरों में फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया। फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर वरुण ने कहा था, मुझे खुशी है कि दर्शक अमेजन प्राइम पर अपने घरों पर सुकून के साथ जुग जुग जियो देखने का आनंद ले सकते हैं।

मनीष के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह वर्तमान में झलक दिखला जा 10 को होस्ट कर रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआतर बतौर आरजे की थी। फिल्मों में छोटे–मोटे किरदारों में नजर आने के अलावा वह अपनी मजबूत पहचान नहीं बना पाए हैं।

## एसजे सूर्या निर्देशक शंकर की आरसी 15 के कलाकारों में हुए शामिल

तमिल सिनेमा के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक, एस जे सूर्य, राम चरण के साथ इक्का–दुक्का निर्देशक शंकर की




आगामी फिल्म की में शामिल हो गए हैं, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से आरसी 15 है। फिल्म के निर्माताओं ने अपनी यूनिट में अभिनेता का स्वागत किया। ट्वीट करके लिखा, बहुमुखी अभिनेता एस जे सूर्या हमारे तारकीय कलाकारों में शामिल हो गए! उन्होंने एक पोस्टर भी साझा किया था, एस. जे. सूर्या फर्श टू फ्लोर यू। अभिनेता राम चरण ने भी अपनी यूनिट में एसजे सूर्या का स्वागत किया। उन्होंने ट्वीट किया, आरसी15 में आपका स्वागत है एसजे सूर्या सर! इस बहुचार्चित फिल्म में कियारा आडवाणी को महिला प्रधान के रूप में दिखाया गया है। कई भाषाओं में बन रही इस बड़े बजट की फिल्म में अभिनेता जयराम, अंजलि, सुनील, श्रीकांत और नवीन चंद्रा भी शामिल हैं। एसएस थमन इस फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं, जिसमें तिरू ने कैमरे को क्रैंक किया है।

## यूनिक चाहती हैं तो ब्लू कलर को बनाएं अपने आई मेकअप का हिस्सा, जानें इसके तरीके

समय के साथ फैशन में बहुत बदलाव देखने को मिले हैं और ऐसा ही कुछ दिखता हैं मेकअप में भी। जी हां, आज के समय में मेकअप करने का अंदाज बदला हैं और कई यूनिक लुक पसंद किए जाने लगे हैं। खासतौर से आई मेकअप के साथ नया ट्राई कर डिफरेंट लुक क्रिएट किया जाने लगा हैं। वर्तमान समय में आंखों को ब्लू कलर देने का चलन बढ़ता जा रहा हैं। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाती हैं तो इस ब्लू कलर को आई मेकअप में शामिल कर खुद को आकर्षक और यूनिक बना सकती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आपको ब्लू कलर को आईमेकअप में शामिल करना हैं। आइये जानते हैं इसके बारे में...

आईशैडोः नीला यानि ब्लू आईशैडो ऐसा है जो इन दिनों खूब ट्रेंड में चल रहा है। अपनी आंखों को बोल्ड और ग्लैमरस लुक देने के लिए ज्यादातर महिलाएं ब्लू आईशैडो लगा रही हैं। इस आईशैडो के साथ आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकती हैं। आईशैडो एक ऐसा मेकअप आईटम है जो कि आपकी आंखों की गहराई और खूबसूरती को निखारता है। ये आईब्रोज के नीचे और आई लिड के ऊपर लगाया जाता है। सबसे पहले आई क्रीम लगाए, फिर कंसीलर, अब आपको आंखों पर काजल लगाना है और अब आपका अगला स्टेप होगा मेटालिक ब्लू आईशैडो को आईलिड पर लगाना। आईशैडो ब्रश को मेटीरियल में डुबोएं और आईलिड पर आराम से लगाएं। इसके बाद हल्का सा ब्राउन आईशैडो लगाएं। इससे आंखों को परफेक्ट लुक मिलेगा।

ब्लैक विद ब्लू लाइनर

इन दिनों कलरफुल लाइनर का चलन काफी बढ़ गया है। आम लड़कियों से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज अक्सर कलरफुल लाइनर लगाती हैं। आप भी ब्लू कलर को आईलाइनर के रूप में इस्तेमाल कर सकती



हैं। अगर आपको सिर्फ ब्लू लाइनर लगाने में अजीब लग रहा है तो आप इसे ब्लैक लाइनर के साथ लगाएं। यह लुक किसी पार्टी के लिए एकदम अच्छा लगता है।

स्पार्कलिंग लुकः अगर आप कहीं पार्टी में जा रही हैं और ब्लू कलर को बेहद इंटरस्टिंग तरीके से आई मेकअप का हिस्सा बनाना चाहती हैं तो आप पहले अपनी आईलिड पर ब्लू कलर के आईशैडो लगाएं। इसके बाद आप इनर कार्नर पर गोल्डन स्पार्कलिंग आईशैडो अप्लाई करें। यह स्पार्कलिंग लुक आपकी आंखों को एकदम डिफरेंट दिखाएगा।

ग्लिटर ब्लू काजलः अगर आप अपनी आईज को शिमरी लुक देना चाहती हैं, लेकिन उससे एक लिटिल टच ही देना चाहती हैं तो आप ब्लू कलर को शिमरी काजल के रूप में लगा सकती हैं। इसके लिए आप पहले आंखों को न्यूड कलर से बेस दें। उसके बाद आप ब्लैक लाइनर लगाएं। आखिरी में आप ग्लिटर ब्लू काजल को लोअर लाइन या अपर लाइन पर अप्लाई करें। यह भी ब्लू कलर को आईमेकअप में शामिल करने का एक इंटरस्टिंग तरीका है।

ब्लू विद व्हाइटः ब्लू कलर को अगर आईलिड पर अलग तरह से लगाना है तो आप इसे दूसरे कलर्स के साथ लगाएं। आई मेकअप में ब्लू आईशैडो को व्हाइट कलर के साथ भी लगा सकती हैं। इसके लिए आप आउटर कार्नर पर ब्लू कलर तो इनर कार्नर पर व्हाइट कलर लगाएं। इसके बाद आप ब्लैक लाइनर व काजल लगा सकती हैं। स्मोकी लुकः स्मोकी आईमेकअप करते समय डार्क कलर्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप नाइट पार्टी में जा रही हैं तो आप ब्लू कलर से भी स्मोकी आईज लुक क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए पहले आप बेस में ब्लैक व ब्राउन कलर अप्लाई करें। इसके बाद आप ब्लू कलर लगाएं। अगर आप अपने लुक को और भी ज्यादा इंटरस्टिंग बनाना चाहती हैं तो आप आई लिड पर ग्लिटर कलर लगाएं। इसके बाद आप ब्लैक लाइनर व काजल अप्लाई करें।

